श्रवाण माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 182 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 27 जुलाई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**सोनिया गांधी से 6 घंटे ईडी ने की पूछताछ, आज फिर बुलाया, कांग्रेस के शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर भी प्रतिबंध लगा रही है केन्द्र सरकार : राहुल**

# 'सोनिया गांधी से सवाल, कांग्रेस ने काटा बवाल








**नई दिल्ली:** नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से प्रवर्तन निदेशालय ने 6 घंटे पूछताछ की। ईडी ने आज फिर सोनिया गांधी को पूछताछ के लिए बुलाया है। वहीं ईडी के इस फैसले के खिलाफ कांग्रेस ने देशभर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि केन्द्र सरकार कांग्रेस के शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर भी प्रतिबंध लगा रही है। राहुल ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि केन्द्र सरकार उन्हें शांतिपूर्ण प्रदर्शन तक नहीं करने दे रही है। राहुल ने विजय चौक से अपनी फोटो को ट्वीट कर कहा कि उन्हें केन्द्र सरकार ने पुलिस और एजेंसियों का दुरुपयोग करते हुए गिरफ्तार कराया है। राहुल ने कहा कि केन्द्र सरकार उन्हें गिरफ्तार कराके भी चुप नहीं करा पाएगी। 'सत्य' से ही इस तानाशाही का अंत होगा। उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड केस में धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए आज कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को दूसरी बार ईडी दफ्तर में तलब में कियै। इससे पहले ईडी कांग्रेस नेता राहुल गांधी से भी लगभग 50 घंटे की पूछताछ कर चुकी है। इस पूछताछ को कांग्रेसी गैरकानूनी बताते हुए दिल्ली सहित पूरे देश में प्रदर्शन कर रहे हैं। कांग्रेस सांसदों ने संसद भवन से विजय चौक तक केन्द्र सरकार के विरोध में मार्च निकाल। विजय चौक पर प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस सांसदों सहित राहुल गांधी को पुलिस ने हिरासत में लिया। सूत्रों का कहना है कि पुलिस राहुल को डिटेन कर न्यू पुलिस लाइन किंग्सवे कैंप लेकर गई। इस दौरान पुलिस ने कांग्रेस के कई और वरिष्ठ मल्लिकार्जुन खड़गे, केसी वेणुगोपाल सहित कई अन्य नेताओं को हिरासत में लिया है। नेशनल हेराल्ड केस का मामला सबसे पहले भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में उठाया था। अगस्त 2014 में एऊने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया।

## राहुल ने अपनी दादी इंदिरा गांधी की तरह दिखाए तेवर..





**नेशनल** हेराल्ड केस में ईडी ने फिर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से छह घंटे पूछताछ की। इसके खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी व अन्य कांग्रेस सांसद को पुलिस ने विजय चौक से हिरासत में ले लिया। धरने के दौरान राहुल ने अपनी दादी इंदिरा गांधी की तरह तेवर दिखाए। बताया गया है कि सभी कांग्रेस सांसद राष्ट्रपति भवन की ओर मार्च निकालने की तैयारी में थे। इसी दौरान उन्हें हिरासत में ले लिया गया। इस दौरान राहुल ने कहा, 'हमें धरना नहीं देने दिया जा रहा है। यहां पुलिस का राज है। यह भारत की सच्चाई है। मोदी जी राजा हैं।' राहुल गांधी व अन्य को पुलिस बस में बैठाकर ले गई। अभी यह नहीं पता चला है कि उन्हें कहां ले जाया गया। राहुल गांधी को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद कांग्रेस ने ट्वीट कर एक फोटो व कविता के अंश साझा किए हैं।

फोटो में राहुल गांधी अपनी दादी व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की शैली में जमीन पर बैठे नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के जरिए कांग्रेस ने राहुल गांधी के तेवर दादी जैसे तीखे होने का संकेत देने का प्रयास किया है।

## लखीमपुर खीरी: आशीष मिश्र की जमानत याचिका खारिज



**लखनऊ:** लखीमपुर खीरी के तिकुनिया हिंसा मामले में मंत्री के बेटे आशीष मिश्र को बड़ा झटका लगा है। इलाहबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने आशीष मिश्र की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अभियुक्त, सरकार व पीड़ित पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद न्यायालय ने 15 जुलाई को अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने लखीमपुर खीरी के तिकुनिया कांड मामले मे केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा उर्फ टेनी के पुत्र आशीष मिश्र उर्फ मोनू की जमानत याचिका खारिज कर दी है। न्यायालय ने कहा कि रिकॉर्ड पर उपलब्ध तथ्यों को देखते हुए आशीष मिश्र को जमानत पर रिहा नहीं किया जा सकता। यह निर्णय न्यायमूर्ति कृष्ण पहल की एकल पीठ ने आशीष मिश्र की जमानत याचिका को खारिज करते हुए पारित किया।

## कोरोना: 12 राज्यों में संक्रमण दर 10% से ज्यादा, सीएम नीतीश कोरोना पॉजिटिव



**नई दिल्ली:** देश में कोरोना अब डरा रहा है। पिछले 14 दिन में पॉजिटिविटी रेट लगभग दोगुना से ज्यादा बढ़ गया है। सिर्फ 168 दिन बाद पॉजिटिविटी रेट 7% के पार हो चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, 5% से ज्यादा पॉजिटिविटी रेट चिंता की बात है। बीते 24 घंटे में देश में 14,830 नए केस आए। 18,159 मरीज ठीक हुए, जबकि 36 संक्रमितों की मौत हो गई। एक्टिव केस 1,47,512 हैं। उधर, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कोरोना पॉजिटिव हो गए हैं। उन्हें कुछ दिनों से बुखार आ रहा था। अब उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

**7 करोड़ से ज्यादा को बूस्टर डोज लगी:** देश में कुल 7.37 करोड़ लोगों को बूस्टर डोज लग चुकी है। 13 जुलाई को सरकार ने 18+ वालों को मुफ्त में बूस्टर लगाने की घोषणा की थी। इसके बाद महज 13 दिनों में (13 से 25 जुलाई के बीच) 2 करोड़ लोग प्रिकॉशन डोज लगवा चुके हैं। 1 से 12 जुलाई के बीच 53 लाख लोगों ने ही बूस्टर डोज लगवाई थी यानी रफ्तार 4 गुना तक बढ़ गई है। फिर भी हम अभी पीछे हैं, क्योंकि 69 करोड़ लोगों को दूसरी डोज लगवाए हुए 6 महीने हो चुके हैं।

## हंगामे के चलते राज्यसभा से विपक्ष के 19 सांसद सस्पेंड




**नई दिल्ली: संसद** के मानसून सत्र का 7वां दिन है। मंगलवार को विपक्ष ने जीएसटी और महंगाई पर जोरदार हंगामा किया। इसके बाद राज्यसभा से विपक्ष के 19 सांसदों को एक हफ्ते के लिए सस्पेंड कर दिया गया। हंगामे के चलते राज्यसभा की कार्यवाही पहले एक घंटे और फिर दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी। इधर, लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद ही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी। सस्पेंड किए गए सांसदों में सुष्मिता देव, डॉ. शांतनु सेन और डोला सेन के अलावा मौसम नूर, शांता छेत्री, नदीमुल हक, अभी रंजन विश्वास (सभी तृणमूल कांग्रेस) के अलावा ए. रहीम और शिवदासान (वामदल), कनिमोझी (डीएमके), बीएल यादव (टीआरएस) और मोहम्मद अब्दुल्ला का नाम शामिल है। खास बात यह है कि इनमें कांग्रेस का कोई सांसद नहीं है।

**सोमवार को कांग्रेस के चार सांसद निलंबित हुए:** लोकसभा में सोमवार को भारी हंगामे के बीच स्पीकर ओम बिड़ला ने कांग्रेस के 4 सदस्यों को निलंबित कर दिया था। ज्योतिमणी, माणिकम टैगोर, टीएन प्रथापन और राम्या हरिदास को पूरे सत्र के लिए निलंबित किया गया है। दरअसल, लोकसभा में विपक्ष ने महंगाई और जीएसटी पर जमकर हंगामा किया। कार्यवाही शुरू होने के कुछ देर बाद ही विपक्षी नेताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी। स्पीकर ओम बिड़ला ने विपक्षी सदस्यों से कार्यवाही चलने देने की अपील की, लेकिन उन्होंने जीएसटी के खिलाफ नारेबाजी और तख्तियां दिखाना जारी रखा। इसके बाद स्पीकर ने चार सांसदों को निलंबित कर दिया था।

**टीएमसी सांसदों ने संसद के पास प्रदर्शन किया:** टीएमसी सांसदों ने संसद के पास विरोध प्रदर्शन किया है। गारो और खासी जनजाति को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की है।

## चुनाव के दौरान फ्री ऑफर्स पर लगे रोक

### केंद्र को निर्देश दिया है, कि जल्द से जल्द इस दिशा में कोई रास्ता निकालें



**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव के दौरान मुफ्त की योजनाओं पर रोक लगाने की बात कही है। इसके लिए केंद्र सरकार को निर्देश दिया है, कि जल्द से जल्द इस दिशा में कोई रास्ता निकालें। इस मामले में अगली सुनवाई 3 अगस्त को होगी। वोटर्स को लुभाने के लिए मुफ्त की योजनाओं की घोषणाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने 3 मार्च को आपत्ति जताई थी, जिस पर याचिकाकर्ता ने याचिका वापस ले ली थी, लेकिन मंगलवार को कोर्ट ने इसी तरह के एक दूसरे पेंडिंग मामले में सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया कि वित्त आयोग से बात करें। मुफ्त में खर्च किए गए पैसे को ध्यान में रखकर जांच करें।

चुनाव आयोग ने सुझाव दिया कि सरकार इस मुद्दे से निपटने के लिए एक कानून ला सकती है। सरकार का यह तर्क था कि यह मामला चुनाव आयोग के क्षेत्र में आता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार इस पर स्टैंड लेने से क्यों झिझक रहा।

**कपिल सिब्बल से पूछे उनके विचार:** सुनवाई के दौरान किसी अन्य मामले को लेकर वकील कपिल सिब्बल भी कोर्ट में मौजूद थे। कोर्ट ने मुफ्त की योजना के इस मुद्दे पर उनसे भी उनके विचार पूछे। इस पर सिब्बल ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है, लेकिन राजनीतिक रूप से इसे नियंत्रित करना मुश्किल है। वित्त आयोग को अलग-अलग राज्यों को पैसा आवंटित करते समय उनका कर्ज और मुफ्त योजनाओं को ध्यान में रखना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार से निर्देश जारी करने की उम्मीद नहीं की जा सकती है। वित्त आयोग इस मुद्दे की जांच करने के लिए सही प्राधिकरण है।

## झटका: नीरज चोपड़ा चोट के चलते कॉमनवेल्थ गेम्स में नहीं खेल पाएंगे



**नई दिल्ली:** ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा चोट के चलते कॉमनवेल्थ गेम्स में नहीं खेल पाएंगे। यह इवेंट 28 जुलाई से शुरू हो रहा है। नीरज चोपड़ा को वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जेवलिन फाइनल के दौरान चोट लगी थी। फाइनल के दौरान नीरज चोपड़ा अपनी जांघ पर पट्टी लपेटते भी नजर आए थे। इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी राजीव मेहता ने नीरज के कॉमनवेल्थ में न खेलने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि फाइनल के दौरान उन्हें इंजरी आई थी। वे अभी भी फिट नहीं है।

**नीरज को एक महीने आराम की सलाह, अब रोहित यादव पर जिम्मेदारी:** वर्ल्ड एथलेटिक्स इवेंट के बाद नीरज चोपड़ा का एमआरआई स्कैन हुआ था, जिसमें ग्रोइन एंजरी की बात पता लगी है। ऐसे में नीरज चोपड़ा को करीब एक महीने का आराम की सलाह दी गई है। कॉमनवेल्थ गेम्स में नीरज चोपड़ा का मैच 5 अगस्त को होना था, उसी दिन जेवलिन थ्रो का इवेंट था। अब इस फील्ड में भारत की उम्मीदें डीपी मनु और रोहित यादव से हैं। जेवलिन थ्रो में अब यह दोनों ही भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**नीरज चोपड़ा को कॉमनवेल्थ खेलने की उम्मीद थी:** नीरज ने कहा था कि चौथे थ्रो के बाद थाई में थोड़ी प्रॉब्लम थी। मैंने पट्टी बांधी और फिर अगला थ्रो किया। अभी मेडल जीतने का जोश है और वॉर्मअप हूं इसलिए पता नहीं चल रहा है।

**एयरपोर्ट्स पर जांच तेज, बिहार में भी मिला एक संदिग्ध मरीज**

## मंकीपॉक्स पर दिल्ली, केरल में हाई अलर्ट



**नई दिल्ली:** देश में मंकीपॉक्स के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। केरल, दिल्ली में इसके केस मिल चुके हैं। अब बिहार में भी एक संदिग्ध केस मिला है। इसके चलते इन राज्यों में एयरपोर्ट्स पर कड़ी जांच की जा रही है। वहीं उत्तर प्रदेश में भी सरकार मंकीपॉक्स को लेकर तैयारी में है।

**दिल्ली में संदिग्धों के लिए अस्पताल तैयार:** दिल्ली में विदेश से आने वालों की जांच की में अगर मंकीपॉक्स के लक्षण मिले तो उन्हें लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल भेजा जाएगा। यह फैसला दिल्ली में मंकीपॉक्स का पहला मामला सामने आने के बाद सोमवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने किया है। दिल्ली सरकार ने जिला अधिकारियों को मंकीपॉक्स को लेकर कड़ी निगरानी रखने के आदेश दिए हैं।

**20 लोगों की टीम तैयार की गई है:** रिपोर्ट्स के मुताबिक दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर तेज बुखार, पीठ दर्द और जोड़ों में दर्द जैसे लक्षण वाले यात्रियों को एलएनजेपी अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में भेजा जाएगा। मरीजों को देखने के लिए 20 लोगों की टीम तैयार की गई है। इसके अलावा संदिग्ध मरीजों के सैंपल पुणे के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी भेजे जाएंगे। जबकि जिला प्रशासन परिवार के सदस्यों को क्वारंटाइन करेगा और ऐसे संदिग्ध मरीजों की कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग भी होगी।

दिल्ली में मंकीपॉक्स से 34 साल का व्यक्ति संक्रमित हुआ है। एलएलजेपी में उसका इलाज चल रहा है।

## 'जब अस्पताल में हिल भी नहीं पा रहा था, तभी सरकार गिराने की साजिश रची'

**मुंबई:** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने उनकी सरकार गिरने को लेकर कहा है कि दिल्ली ने महाराष्ट्र की पीठ में छुरा घोंपा है। उद्धव ने कहा कि उनके साथ विश्वासघात हुआ है। महाराष्ट्र सरकार गिराने की प्लानिंग तब की गई, जब वे अस्पताल में भर्ती थे और हिल भी नहीं पा रहे थे। उद्धव ने कहा कि शिंदे गुट पर भरोसा करना उनकी सबसे बड़ी गलती थी। उद्धव ने शिंदे गुट से कहा कि वे बालासाहेब के नाम पर वोट न मांगें। ये बातें उन्होंने शिवसेना के मुखपत्र सामना को दिए इंटरव्यू में कही। मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद यह उद्धव का पहला इंटरव्यू है।

**शिंदे पर तंज- सड़े पत्तों को गिर जाना चाहिए:** उद्धव ने कहा, अगर मैंने उसे (शिंदे को) मुख्यमंत्री बना भी दिया होता तो उसके इरादे शैतानी हैं। सड़े हुए पत्तों को पेड़ से गिर ही जाना चाहिए। जिन्हें पेड़ ने सब कुछ दिया, वे खुद ही पेड़ को छोड़कर जा रहे हैं। जिन्हें सबसे ज्यादा फायदा मिला, वही पार्टी छोड़कर गए। ये वो लोग थे, जो अपनी ही मां (असली शिवसेना) को निगल जाना चाहते हैं, लेकिन मां तो आखिर मां होती है। हम साधारण लोगों में से असाधारण लीडर्स बनाएंगे।' शिंदे गुट के साथ गठबंधन करने को लेकर उद्धव ने भाजपा पर भी हमला बोला।

## खबर संक्षेप

### गंगा में नहाने के दौरान डूबा किशोर

**प्रयागराज।** नारायणी आश्रम के आगे गंगा में नहाने के दौरान मंगलवार को एक किशोर डूब गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही पहुंची पुलिस ने गोताखोर लगाए, लेकिन दोपहर तक उसका पता नहीं चला। शिवकुटी पुलिस ने बताया कि सलोरी निवासी प्रमोद राय का 17 वर्षीय बेटा पीयूष राय अपने दोस्त के साथ घूमने आया था। बताया जा रहा है कि नहाने के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गंगा की लहरों में खो गया। उसकी तलाश में जल पुलिस और गोताखोर लगे हैं। इस घटना की जानकारी मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मचा रहा।

### संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 1 अगस्त से

**करछना।** संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन एक अगस्त से किया गया है ।जिसमे परिषदीय स्कूलों के अलावा अशासकीय विद्यालय से लेकर विकास खंड स्तर तक की खेलकूद प्रतियोगिता कराई जाएगी।जानकारी देते हुए बीईओ अनिल त्रिपाठी ने बताया कि सोमवार से स्कूल स्तरीय प्रतियोगिता 28 जुलाई तक होगी जिसके लिए कीर्ती प्रकाश मिश्र को निर्देशित किया गया है । उन्हें यह जिम्मेदारी स्कूलों मे होने वाली प्रतियोगिताओं की तैयारी हेतु सौंपा गया है। पहले दिन करछना, घटवा और पनासा मे खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चो ने प्रतिभाग किया।

# शार्ट सर्किट से ही लगी महाधिवक्ता कार्यालय में आग

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के महाधिवक्ता भवन में आग की वजह शार्ट सर्किट ही रही। सीएम योगी की ओर से गठित पांच सदस्यीय जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में महाधिवक्ता भवन में लगी आग का मुख्य कारण शार्ट सर्किट ही बताया है। फिलहाल जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट शासन को भेज दी है। इस पूरी घटना के लिए जिम्मेदार लोगों पर अब शासन के निर्देश पर ही कार्रवाई होगी।शासन को भेजी गई जांच कमेटी की रिपोर्ट में महाधिवक्ता भवन में लगे उपकरणों में तमाम कमी का होना भी दशार्या गया है। अब इसी आधार पर भवन बनाने वाली कार्यदायी संस्था के अफसरों के ऊपर कार्रवाई होना तय माना जा रहा है। दरअसल महाधिवक्ता भवन में रविवार 17 जुलाई की सुबह ही आग लग गई थी। छठे से नौंवे तल तक लगी आग इतनी भयावह थी कि उसे बुझाने में जहां कई दमकल कर्मी घायल हो गए तो वहीं बाद में सेना की भी मदद लेनी पड़ी।इसी के बाद सीएम योगी के निर्देश पर पांच सदस्यीय जांच टीम बनी, इसमें एडीएम सिटी मदन कुमार, एसपी सिटी दिनेश कुमार, सीएफओ राजीव पांडेय, एडिशनल एलए राधे मोहन एवं उप निदेशक विद्युत सुरक्षा शत्रुघभन सिंह शामिल रहे। टीम द्वारा बीते एक सप्ताह से आग लगने की वजह के कारणों का पता लगाया गया। टीम द्वारा अध्ययन करने के बाद पाया गया कि आग लगने का मुख्य कारण शार्ट सर्किट ही था। वहां अग्निशमन यंत्र भी पर्याप्त संख्या में नहीं थे।फिलहाल टीम ने प्रथम तल से पांचवें तल तक ही अध्ययन किया है। छठे से नौंवे तल तक आग लगने की वजह से विद्युत उपकरणों की स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। बता दें कि पिछले सप्ताह प्राथमिक रिपोर्ट में भी आग लगने की वजह शार्ट सर्किट ही पाई गई थी। डीएम संजय कुमार खत्री का कहना है कि जांच रिपोर्ट शासन को भेजी जा चुकी है। पहले से पांचवें तल तक बिजली की व्यवस्था करने और पर्याप्त संख्या में अग्निशमन उपकरण रखने का निर्देश दिया गया है। उसके बाद ही भवन का यह हिस्सा खोल जाएगा।

### पीडब्ल्यूडी के सात से अधिक अभियंताओं पर गिर सकती है गाज

शासन को रिपोर्ट भेजे जाने के साथ ही महाधिवक्ता भवन में लगी आग के मामले में पीडब्ल्यूडी के विद्युत यांत्रिक खंड के अधिशासी अभियंता दिनेश कुमार, सहायक अभियंता जितेंद्र वर्मा, अवर अभियंता केके चौबे के अलावा निर्माण खंड के कुछ अफसरों समेत सात से अधिक अभियंताओं पर गाज गिर सकती है। बताया जा रहा है कि दस माह पूर्व ही यह भवन सीएंडडीएस से पीडब्ल्यूडी के यांत्रिक खंड विभाग को मिला था।इसके बाद यहां विद्युत व्यवस्था से जुड़े उपकरणों का विभाग ने समय से इस्टीमेट नहीं बनाया। 30 जून को विद्युत यांत्रिक खंड को 60 लाख रुपये बिजली के बिखरे तारों, खराब वायरिंग, कबाड़ हो चुके स्विच बोर्ड को बदलने के लिए अवमुक्त कर दिया गया। इसके बाद भी न तकनीकी स्वीकृति ली गई और न ही उन तारों को बदले जाने की जहमत उठाई गई। उसका परिणाम रहा कि 17 जुलाई को शार्ट सर्किट से भड़की आग में बहुत कुछ स्वाहा हो गया।

# बमबाजी करने वाले छात्रों के गैंग का पुलिस ने किया पदार्फाश




अखंड भारत संदेश

### 11 छात्र हुए गिरफ्तार

**प्रयागराज।** प्रयागराज में बम बाजी करने वाले छात्रों के गैंग का पुलिस ने पदार्फाश किया और कान्वेंट स्कूलों के 11 छात्र गिरफ्तार किए गए पिछले दिनों प्रयागराज में बमबाजी की कई घटनाओं के बाद पुलिस छानबीन में स्कूली गैंग तांडव माया इमोटल के बारे में पता चला था । कई लड़के गिरफ्तार भी किए गए । पिछले तीन रोज में बिशप जॉनसन स्कूल समेत तीन जगहों पर बमबाजी के बाद पुलिस ने मंगलवार को कॉन्वेंट स्कूलों के 11 छात्र पकड़े जिनमें 10 लड़के नाबालिग हैं । इन छात्रों के कब्जे से घटना में शामिल दो स्कूटी 10 मोबाइल और बम बरामद हुआ है गिरफ्तारी के बाद सभी को कोर्ट में पेश किया गया और फिर नैनी जेल व बाल सुधार गृह भेज दिया गया मंगलवार शाम पुलिस लाइन सभागार में एसएसपी शैलेश कुमार पांडे ने बालिक अभियुक्त सुधांशु मिश्रा को मीडिया के सामने पेश किया बताया कि वह बिशप जॉनसन स्कूल में 12वीं का छात्र है बेली कॉलोनी का रहने वाला है।




# मनोनीत पदाधिकारियों का परिषद की बैठक मे किया गया सम्मान

**प्रयागराज।** भारतीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद के तत्वावधान मे आयोजित बैठक सिविल लाइन स्थित रेस्टोरेन्ट मे मीनू सिंह के संयोजकत्व मे सम्पन्न हुई। बैंठक मे मुख्य रुप से राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ श्रीवास्तव, निर्देशक अभिजीत सिंह, अपर निदेशक उमा टंडन, उपस्थित रहे। उप निदेशक मीनू सिंह के माध्यम से जितने लोग जुड़े थे उनको पदाधिकारी बनाते हुए उनको पहचान पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रेमलता मोरिया निर्देशक, मीनू सिंह अपर निदेशक, किरण पाल संगठन मंत्री, रूपाली अवस्थी महासचिव, सुनीता रानी प्रमुख सचिव, कंचन मोरिया महासचिव, तरु यादव उपनिदेश, अनीता रानी सिंह महासचिव, स्मृति श्रीवास्तव सचिव, अंकुर श्रीवास्तव उपनिदेशक, ब्रिजेंद्र प्रताप सिंह महासचिव, राकेश विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष, देवराज केशरवानी सचिव, सुनीता जयसवाल महासचिव, अभी राव मोरिया उपनिदेशक बनाये गये। सभी पदाधिकारियों का मीनू सिंह के द्वारा सम्मान करते हुए माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा उनको पहचान पत्र दिया गया। लखनऊ से आये परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरव श्रीवास्तव, अभिजीत सिंह, उमा टंडन के द्वारा भी सभी को सम्मानित कर पदाधिकारी बनाया गया।

### विवाहिता ने नशीला पदार्थ खिलाकर गैंगरेप, गर्भपात कराने का लगाया आरोप

**मऊआइमा।** एक विवाहिता ने ससुरालियों पर एक लाख दहेज की मांग न पूरी होने पर नशीला पदार्थ खिला कर गैंगरेप कराने तथा अप्राकृतिक सेक्स करने और गर्भपात कराने का आरोप लगाया है । तथा पति सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है । प्राप्त जानकारी के मुताबिक मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला आजमपुर निवासनीय एक युवती का आरोप है कि उसकी शादी 2016 में जौनपुर के सदर के रिजवी खास निवासी अजमत अली पुत्र नूर अली के साथ हुई थी। विवाहिता का आरोप है कि शादी के बाद से ससुरालियों का व्यवहार बहुत खराब था। तथा प्रायः दहेज में एक लाख रुपये की मांग करते थे । विवाहिता का आरोप है कि कई बार पंचायतों के बाद ससुरालियों के रवैये में कोई सुधार नहीं आया। तथा एक लाख की मांग करते रहे। विवाहिता ने पति पर उसे नशीला पदार्थ खिला कर अन्य के साथ गैंगरेप और आप्राकृतिक मैथुन कराता था। तमाम विरोध के बाद उसका गर्भपात करा कर मार पीट कर भगा दिया गया। विवाहिता ने मऊआइमा थाने में पति अजमत अली पुत्र नूर अली ,सास शाहजहां ,ननद रुबिना ,नंदोई नाम अज्ञात तथा अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

# गड्ढायुक्त फर्श और टूटी कुर्सियों से हुआ डीआरएम का सामना

**मंगलवार को डीआरएम मोहित चंद्रा ने अपने स्पेशल सैलून से यमुनापार के घूरपुर, जसरा व शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण**

अखंड भारत संदेश






**शंकरगढ़।** रेलवे स्टेशन को चकाचक बनाने में जुटा रेलवे विभाग अपने लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों की मनमानी का खामियाजा भुगत रहा है। लापरवाह अधिकारी और कर्मचारी अपने स्तर से जो कार्य कर सकते हैं या करवा सकते हैं, उसे भी जिम्मेदारीपूर्वक नहीं निभा रहे हैं। मंगलवार को देर शाम करीब 5 बजे अपने स्पेशल सैलून से शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचे डीआरएम मोहित चंद्रा ने करीब डेढ़ घंटे स्टेशन का मुआयना किया। डीआरएम का उतरते ही सामना छतिग्रस्त फर्श और टूटी फूटी कुर्सियों से हुआ।स्टेशन की जर्जर हालत देख डीआरएम मोहित चंद्रा जमकर बिफरे, उन्होंने पूरे स्टेशन का बारीकी से निरीक्षण किया। ऐसे कई वाकये आए जब डीआरएम ने अव्यवस्था और समस्या देखने के बाद जिम्मेदारों की ओर नजर घुमाई, लेकिन जिम्मेदार अपनी नजर बचाते दिखे। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने प्लेटफार्म संख्या एक और दो का निरीक्षण करने के साथ-साथ फुट ओवर ब्रिज और उसकी सीढ़ियों का भी बारीकी से मुआयना किया। डीआरएम ने शौचालय, पेयजल के साथ लाइट की व्यवस्था का भी जायजा लिया। नल की टोंटी टूटी पाई गई तो कहीं सूखी मिलीं। जबकि इस स्टेशन से लंबी दूरी की ही गाड़ियां गुजरती है। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर प्रयागराज जनपद के आखिरी छोर पर स्थित शंकरगढ़ स्टेशन के शौचालय की स्थिति भी बहुत बदतर पाई गई। शौचालय में इतनी गंदगी मिली कि लोग उसके आसपास से गुजरना भी मुनासिब नहीं समझे। डीआरएम के आने की जानकारी होने पर शंकरगढ़ व्यापार मंडल के अध्यक्ष मूलचंद गुप्ता, समाजसेवी सुधा गुप्ता, जय केसरवानी और मुखिया केसरवानी ने डीआरएम को एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें विभिन्न मांगों सहित शंकरगढ़ में एक आरओबी (फ्लाईओवर) और कामायनी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की। इस पर डीआरएम ने सकारात्मक जवाब देते हुए कहा कि शंकरगढ़ में आरओबी का निर्माण फिलहाल संभव नहीं है, इसके स्थान पर रानीगंज में आरओबी के निर्माण पर विचार किया जाएगा, इसके अलावा उनसे जो भी हो सकेगा वह करेंगे। शंकरगढ़ स्टेशन से पहले डीआरएम मोहित चंद्रा ने यमुनापार के घूरपुर, जसरा रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण किया।

# ज्वाला देवी गंगापुरी में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया कारगिल विजय दिवस






अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज गंगापुरी, रसूलाबाद, प्रयागराज के मीडिया प्रभारी दीपक कुमार मिश्र की सूचनानुसार रज्जू भैया सभागार में मंगलवार को कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कर्नल एस. आर. दूबे जी (अवकाश प्राप्त कर्नल), श्रीमान निर्मल कुमार द्विवेदी(अवकाश प्राप्त ए. आर. टी. ओ.) एवं श्री दीपक दूबे (सॉफ्टवेयर इंजीनियर)उपस्थित रहे। आए हुये अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती जी की प्रतिमा तथा कारगिल में शहीद हुये अमर जवानों के चित्र पर दीपार्चन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।अतिथि परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री युगल किशोर मिश्र ने कराया। कार्यक्रम प्रमुख आचार्य संदीप कुमार मिश्र ने कार्यक्रम की प्रस्ताविकी रखते हुए बताया कि किसी युद्ध को जीतने के लिए सिर्फ अत्याधुनिक उपकरण और सैन्य ताकत ही नहीं, बल्कि उस देश के नागरिकों के अपने राष्ट्र भूमि के रक्षार्थ अपना सर्वस्व अर्पित करने की भावना से सुनिश्चित होता है, कैप्टन विक्रम बत्रा, लेफ्टिनेंट सौरभ कालिया, मेजर योगेन्द्र सिंह यादव एवं कैप्टन मनोज पाण्डेय आदि शहीदों का जिक्र करते हुए कहा कि हमें भी अपने देश के सम्मान एवं निष्ठा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल एस आर दूबे जी ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें कारगिल को अंतिम न मानकर सदैव सजग रहना चाहिए। हमें देश के आंतरिक व वाह्य दोनों प्रकार के शत्रुओं से सावधान रहते हुए देश की रक्षा के लिए तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम अध्यक्ष जी ने अपने संबोधन में देश के शहीद जवानों को नमन करते हुए कहा कि हमें सदैव देश के लिए समर्पित रहना चाहिए और आने वाली पीढ़ी को देश सेवा के लिए जागरूक करें। एक देश की आन बान और शान सेना होती है जिसका हमें सदैव सम्मान करते रहना चाहिए। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय की छात्रा कौशिकी श्रीवास्तव ने अपने विचार रखे एवं छात्रा कीर्ति त्रिपाठी ने देश भक्ति गीत ए मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी गीत को प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र ने वीर जवानों को नमन करते हुये तथा छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुये देश के लिए अपने कर्तव्यों को निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन छात्र जय गुप्ता एवं छात्रा अदिति मिश्र ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।




### कारगिल विजय दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**प्रयागराज।** मंगलवार को कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में यूफोरियल यूथ के संयुक्त तत्वावधान में रोटरी क्लब ऑफ प्रयागराज संगम की ओर से मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में ब्लड कैम्प का आयोजन जिसमें ह्यूमैनिटी इंडिया ट्रस्ट ने भी साथ दिया। कार्यक्रम की शुरूआत कारगिल युद्ध को सफल बनाने में हुए शहीदों को याद करके उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए शुरूवात की गई। लोगों ने रक्तदान कर शहीदों को याद किया। कार्यक्रम में यूफोरियल यूथ सोसाइटी के वालंटियर, मेडिकल कॉलेज के छात्रों के साथ साथ रोटरी क्लब के सदस्यों ने इस शिविर में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं रक्त दान किया और साथ ही साथ संकल्प लिया कि रक्त का अभाव नहीं होने देंगे समय समय पर कैम्प लगता रहेंगे। लगभग 18 यूनिट ब्लड डोनेट हुआ जिसमें यूफोरियल यूथ सोसाइटी के अध्यक्ष देवेश जायसवाल, उपाध्यक्ष अनीश पाण्डेय, आशीष, सुनील प्रखर, प्रणय, गगन सिंह, मनोज त्रिपाठी, गुफरान खान, रोटरी क्लब ऑफ प्रयागराज संगम से ऋषि अग्रवाल, अमित त्रिपाठी, डा. गोपेश चौकसे, राहुल चावला, एवं ह्यूमैनिटी इंडिया ट्रस्ट से डा. सूर्य भान कुशवाह और बाकी साथियों ने मिल के कैम्प को सफल बनाया।

### कोरांव में अलग अलग स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत, एक गंभीर

**रत्योरा।** कोरांव क्षेत्र में मंगलवार शाम को दो अलग अलग स्थानों पर हुए आकाशीय बिजली गिरने से जहां एक महिला की मौत हो गई है, वहीं एक पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोरांव पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और घायल व्यक्ति का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बितनीपुर कुकुरहटा की रहने वाली बिटोला देवी (43) पत्नी हीरालाल कोल धान की रोपाई कर रही थी। इसी बीच बारिश होने लगी। भीगने से बचने के लिए जैसे ही वह खेत से बाहर निकल रही थी,कि सायं 6 बजे के करीब तेज गड़गड़ाहट के साथ बज्रपात हुआ और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतका चार पुत्रों और एक पुत्री की मां थी। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। इसी प्रकार माड़ो गलदहवा का रहने वाला रामगोपाल (40) पुत्र अम्बिका प्रसाद अपने खेत में हल चला रहा था। सायं 5:30 बजे के करीब बारिश होने लगी। रामगोपाल जुताई बंद करके अपने बैलों के साथ घर जा रहा था। रामगोपाल अपने घर से बमुश्किल सौ मीटर की दूरी पर था कि बज्रपात हुआ और वह बुरी तरह झुलस कर बेहोश हो गया। रामगोपाल के झुलसने से परिजनों में कोहराम मच गया। वह एक पुत्र और दो पुत्रियों का पिता है। पत्नी हीरावती देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। रामगोपाल का कोरांव के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### मोबाइल के लिए डांट पड़ी तो नौवीं के छात्र ने फांसी लगाई

**प्रयागराज।** रेलवे कॉलोनी प्रयाग परिसर में रहने वाले नौवीं के छात्र ने मंगलवार सुबह फांसी लगाकर जान दे दी है। इस घटना से उसके परिवार में कोहराम मचा रहा। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही है। कर्नलगंज पुलिस ने बताया कि प्रयाग रेलवे कॉलोनी में रेलकर्मी रघुनाथ अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनका 14 साल का बेटा सच्चिदानंद 9वीं का छात्र था। सोमवार को मोबाइल पर ज्यादा देर तक गेम खेलने पर परिजनों ने उसे डांटा था। मंगलवार सुबह सच्चिदानंद ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। यह देख परिजनों के होश उड़ गए। उन्होंने उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा और तत्काल रेलवे हॉस्पिटल ले गए, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रेलवे की ओर से कर्नलगंज पुलिस को छात्र के फांसी लगाने की सूचना दी गई। इसके बाद पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई शुरू की।

# स्वानिधि महोत्सव का 28 जुलाई को एमएनआईटी में होगा आयोजन

अखंड भारत संदेश

**डीएम ने कार्यक्रम को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित किए जाने के दिए निर्देश**



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में 28 जुलाई को मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिक संस्थान (एमएनआईटी) में आयोजित होने वाले स्वानिधि महोत्सव की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने लीड बैंक प्रबंधक को कार्यक्रम स्थल पर कैम्प लगाकर पीएम स्वानिधि योजना के लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत किए जाने के साथ-साथ ऋण वितरण की भी कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पथ विक्रेताओ को लाने की व्यवस्था नगर निगम के समस्त जोनल अधिकारियों को सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल पर पुलिस व्यवस्था, साफ-सफाई, सैनिटाइजेशन, एंटी लार्वा का छिड़काओ कराने के साथ-साथ एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। कार्यक्रम स्थल पर नुक्कड़ नाटक, लोक गीत, रंगोली एवं मेंहदी कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर श्रीमती रत्न प्रिया अपर नगर आयुक्त, श्रीमती वर्तिका सिंह, परियोजना अधिकारी, लीड बैंक प्रबंधक, समस्त जोनल अधिकारी, अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण, डूडा के शहर मिशन मैनेजर और सामुदायिक आयोजक उपस्थित रहे।

### ऑनलाइन लुटेरी दुल्हन ने युवक को बनाया शिकार

**प्रयागराज।** मैट्रिमोनियल साइट्स पर दुल्हन की तलाश कर रहे हैं तो जरा सावधान हो जाएं। म्योराबाद का एक युवक ऑनलाइन दुल्हन के संपर्क में आकर हजारों रुपये गवां बैठा। ठगी के शिकार होने के बाद उसने कर्नलगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित तरुण सक्सेना ने पुलिस को बताया कि उसने जीवन साथी डॉटकॉम पर रजिस्ट्रेशन कराया था। पिछले साल 24 मई को कीर्ति नाम की युवती ने रिक्वेस्ट भेजा। उसका कहना था कि वह अपनी दादी के साथ लखनऊ में रहती है। उसके मां-बाप इस दुनिया में नहीं है। पीजी की पढ़ाई कर रही है। दोनों में शादी की बात होने लगी। चैटिंग के दौरान एक दिन कीर्ति ने आर्थिक मदद मांगी। तरुण ने 1200 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया। साइबर शातिर ने मोबाइल फोन खराब होना बताया और कीपैड वाला फोन उपहार में मांगा। इस तरह फिर उसने तीन हजार रुपये मांगे। लेकिन शादी तय नहीं हुआ। एक बार फिर से युवती ने रुपये मांगे तो तरुण ने इंकार कर दिया। इस पर युवती ने शादी करने से इंकार कर दिया। इसके बाद तरुण को ठगी का एहसास हुआ। अब पुलिस मोबाइल नंबर की मदद से जांच कर रही है।

# किराए के कमरे में संचालित हो रहा विद्यालय

अखंड भारत संदेश



**जसरा।** सरकार के द्वारा जहां शिक्षा को लेकर काफी सजगता दिखाई जा रही है। लेकिन वहीं समाज कल्याण विभाग के द्वारा एक ऐसा विद्यालय संचालित किया जा रहा है जो किराए के कमरे में संचालित हो रहा है और जिसका किराया विद्यालय में नियुक्त अध्यापक अपने वेतन से दे रहे हैं। क्योंकि अगर अध्यापक बच्चों को पढ़ाएंगे नहीं तो उन्हें समाज कल्याण विभाग से वेतन नहीं दिया जाएगा।

कुछ इसी तरह से विकास खंड जसरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बिरबल में जहां जिला समाज कल्याण विभाग के द्वारा प्राइमरी स्कूल का संचालन किया जा रहा है और इस प्राइमरी स्कूल में लगभग आधा दर्जन अध्यापक नियुक्त किए गए हैं। जो किराए के कमरे में विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविशंकर प्रसाद के द्वारा बताया गया कि यह विद्यालय जिला समाज कल्याण विभाग से 1959 से संचालित हो रहा है। लेकिन आज तक विद्यालय का अपना कोई भवन नहीं बन पाया है। वहीं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी विद्यालय का संचालन तो कर रहे हैं। लेकिन विद्यालय जिस भवन में संचालित हो रहा है उसका किराया तक उन्हें समाज कल्याण विभाग से नहीं मिलता है। मूल रूप से चंदौली के रहने वाले हेडमास्टर रविशंकर प्रसाद जहां 2 साल बाद रिटायर हो जाएंगे तो वहीं उनके द्वारा यह भी बताया गया कि शायद ही उनके रिटायर होने के बाद यह विद्यालय सुचारू रूप से संचालित हो सके। वहीं विद्यालय में नियुक्त अन्य अध्यापकों के द्वारा बताया गया कि बच्चों को पढ़ने के लिए कॉपी किताब और पेंसिल तक वह लोग अपने पैसे से ले आते हैं जबकि इस विद्यालय में कक्षा 1 से लेकर 5 तक के बच्चों की कुल संख्या 180 है। वहीं बगल में संचालित हो रहे परिषदीय विद्यालय में इससे भी कम बच्चों का नामांकन हुआ है। जब कि गांव के ही रहने वाले राधेश्याम, रोहित पांडे, मंगला प्रसाद, लवलेश कुमार मिश्रा आदि के द्वारा बताया गया कि प्राइमरी विद्यालय स्कूल में जहां 8 से 10 बच्चे ही देखे जाते हैं, तो वहीं समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित इस विद्यालय में प्रतिदिन 100 से भी ज्यादा बच्चों की उपस्थिति रहती है और उन्हें दोपहर में एमडीएम के तहत भोजन भी दिया जाता है। लेकिन विद्यालय का अपना कोई भवन न होने के कारण यह विद्यालय कई वर्षों से किराए के कमरे में ही संचालित हो रहा है। जिसका किराया यह नियुक्त अध्यापक आपस में मिलकर देते हैं।वही इस संदर्भ में अन्य जानकारी लेने जिला समाज कल्याण अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

# कारगिल शहीद विजय शुक्ला को दी गई श्रद्धांजलि

## आईटीआई परिसर में जूबाए के पूर्व महामंत्री ने किया आयोजन



शहीद विजय शुक्ला को श्रद्धांजलि देते जूबाए के पदाधिकारी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कारगिल युद्ध की 23वीं वर्षगांठ पर आईटीआई परिसर में स्थित विजय पार्क में कारगिल विजय दिवस का आयोजन जूनियर बार एसोसिएषन के पूर्व महामंत्री जेपी मिश्र के संयोजन में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पीथीपुर के लांस नायक विजय शुक्ला की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया।

इस मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में जिस प्रकार 60 दिनों तक भारतीय सेना ने भीषण बर्फबारी के बीच देश के सबसे ऊंचे टाइगर हिल पर भारतीय तिरंगा फहराया, जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। श्रद्धांजलि के बाद वंदेमातरम का नारा लगाया गया और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम में कर्नल आरके सिंह, कैप्टन एमपी मिश्र, सूबेदार मेजर वीरेन्द्र सिंह, नायब सुबेदार श्रवण पाल, नायब सुबेदार केएन सिंह, हवलदार मकबूल हुसैन, हवलदार अहमद अली, समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य, जूबाए अध्यक्ष इंदुभाल मिश्र, परशुराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप कुमार शुक्ला, समाजसेवी अतेन्द्र सिंह, भाजपा नेता अवनीष प्रताप सिंह, अनिल तिवारी, अनिल सिंह, विद्या सागर शुक्ल, जितेन्द्र सिंह, अतेन्द्र सिंह, आषीष श्रीवास्तव, सचिन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## अभविप ने दी कारगिल शहीदों को दी श्रद्धांजलि



शहीद को श्रद्धांजलि देते अभविप के पदाधिकारी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओ ने आईटीआई परिषर स्थिति शहीद विजय शुक्ला की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धाजंलि दी और वीर शहीदों को नमन किया। इस मौके पर जिला सह संयोजक अमरमणि, यशस्वी सिंह, प्रांत सह संयोजक अनिकेत तिवारी, राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य तथा जिला संयोजक रमेश पटेल, नगर संयोजक ध्रुव शुक्ला, नगर छात्रा प्रमुख दामिनी सोनी, नगर सह मंत्री आनंद सिंह, अतिथि शर्मा, शिवांग श्रीवास्तव, कुनाल सिंह, शुभम सिंह, अवनीश सिंह, यश त्रिपाठी, अजय विश्वकर्मा, शैलेंद्र कुमार, अष्वनी दुबे, आकाश बरी आदि छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

## एमडीपीजी कालेज में शहीदों को किया गया याद



एमडीपीजी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद प्राचार्य।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मुनीश्वर दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला के अंतर्गत कारगिल विजय दिवस के पावन अवसर पर एन०एस०एस० और रोवर्स/रेंजर्स के द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० मनोज मिश्र की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन एन०एस०एस० के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शैलेश कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में सैनिकों के शौर्य, वीरता एवं बलिदान को याद करते हुए भारत मां के वीर सपूतों को नमन किया और सभी छात्रों से आव्हान किया कि देश प्रेम से बढ़कर कुछ नहीं होता है और इस हेतु अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। इस कार्यक्रम में एनएसएस की महिला कार्यक्रमाधिकारी डॉ. अमिता मिश्रा, रेंजर्स की प्रभारी डॉ. उषा दुबे तथा रेंजर्स प्रभारी डॉ. रंजीत कुमार पटेल आदि मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में अंशिका पाण्डेय शांभवी सिंह, अंजली मिश्रा, मनीष दुबे, गार्गी कीर्ति पाण्डेय, आदित्य एवं महेंद्र यादव आदि छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुति दी।

# शहर के रवि जायसवाल को आचार्य साहित्य में मिला आठ स्वर्ण व एक रजत पदक

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने पत्र भेजकर दी शुभकामना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सम्पूणार्नंद संस्कृत विष्वविद्यालय द्वारा शहर के भंगवा चुंगी निवासी रवि जायसवाल को आठ स्वर्ण व एक रजत पदक दिये जाने पर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उन्हें शुभकामना संदेश भेजा है जिससे पूरा परिवार व इलाके में खुशी की लहर है।

लोगों का कहना है कि बेल्हा के इस लाल ने पहली बार शिक्षा के क्षेत्र में नौ मेडल पाकर पूरे जिले का नाम रोषन किया है। शहर निवासी रवि जायसवाल ने सम्पूणार्नंद संस्कृत विद्यालय में आचार्य साहित्य विषय में सर्वाधिक 94 प्रतिषत अंक विष्वविद्यालय में टॉप किया। इस समय वह वहीं से पीएचडी कर रहे हैं। शहर के भंगवा चुंगी निवासी व्यापारी अशोक कुमार जायसवाल के पुत्र रवि जायसवाल को गत सोमवार को सम्पूणार्नंद विष्वविद्यालय में हुए कार्यक्रम में नौ स्वर्ण पदक मिला है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रवि अग्रवाल को आचार्य साहित्य विषय में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर डाक्टर गंगानाथ झा स्वर्ण पदक, रिबन स्वर्ण पदक, चंद्रषेखर शास्त्री स्वर्ण पदक, बैकुंठनाथ शास्त्री स्वर्ण पदक, सवाई माधो सिंह स्वर्ण पदक, म0म0 नारायण शास्त्री, खिषते स्वर्ण पदक,



रवि जायसवाल।

कृष्णयति जी महराज स्वर्ण पदक व महाराजा डा0 विभूति नारायण सिंह स्वर्ण पदक मिलने पर शुभकामना देते हुए पत्र में कहा कि सतत प्रयास से आप अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। इससे आपके जिले का ही नहीं, देश का गौरव बढ़ेगा। राज्यपाल द्वारा शहर के व्यापारी पुत्र की मिली इस सराहना की व्यापारियों तथा बुद्धिजीवियों में चर्चा है।

## डिस्टिंग्विश्ड मेंबर इंटरनेशनल के सदस्य बने अधिवक्ता शाद आजम

**परियावां, प्रतापगढ़।** इंटरनेशनल काउंसिल आफ जूरिस्ट लंदन यूनाइटेड किंग्डम के चेयरमैन न्यायविद डॉ.आदिश अग्रवाल सीनियर एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट के सम्मान में यूपी बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैन व सदस्य अमरेंद्र नाथ सिंह द्वारा आयोजित समारोह के दौरान कुंडा के युवा अधिवक्ता शाद आजम को डिस्टिंग्विश मेंबर इंटरनेशनल ऑफ जूरिस्ट का सदस्य बनाने तथा बैज ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। अधिवक्ता शाद आजम कुंडा दीवानी न्यायालय सेंट्रल बार एसोसिएशन के संस्थापक अलाउद्दीन आजम एडवोकेट के सुपुत्र हैं, जो इलाहाबाद हाईकोर्ट में कार्यरत हैं। सम्मान समारोह के दौरान इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व चेयरमैन अमरेंद्र नाथ सिंह, जनरल सेक्रेटरी एसडी सिंह जादौन, ज्वाइंट सेक्रेट्री संजीव सिंह, अभिषेक गिरी एडवोकेट, अखिलेश कुमार शुक्ला सदस्य गवर्निंग काउंसिल समेत बड़ी संख्या में इलाहाबाद हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## गंगा स्नान के दौरान मानिकपुर घाट पर डूबकर कांवरिया की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानिकपुर के शाहाबाद गंगाघाट पर अमेढ़ी जिले के अजीत प्रताप सिंह पुत्र स्व0 विजय बहादुर सिंह (32) वर्षीय की स्नान के दौरान तेज धारा में असंतुलन बिगड़ने से डूबकर दर्दनाक मौत हो गई, जिसका शव बरामद करने के लिए मानिकपुर पुलिस गोताखोरों की मदद ले रही है लेकिन बरामद नही हो सका।

घटना के बारे में साथ मे आये चचेरे भाई देवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि हम लोग मोटरसाइकिल से अमेढ़ी जिले के भीमीपुर गांव से जलाभिषेक के लिए आये थे। मानिकपुर में पूजन व कावरिया का सामान खरीदे थे मानिकपुर के शाहाबाद घाट पर स्नान के लिये पानी मे उतरे ही थे कि पानी के तेज बहाव में साथी लवकुश विश्कर्मा व अजीत प्रताप सिंह तेज पानी के बहाव में असुंतलन होकर बहने लगे। हमारे साथियो ने किसी तरह लवकुश को पानी से बाहर निकाल लिया लेकिन अजीत को तेज बहाव के चलते नही बचा सके सूचना पर पहुँची मानिकपुर गोताखोरों की मदद से अजीत के शव को तलाश कर रही है जो समाचार भेजे जाने तक पता नही चल सका। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया सभी मानिकपुर घाट पहुँच गए।

# टीएसी ने खंगाला निमार्णाधीन अस्पताल की गुणवत्ता, लगाई फटकार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित सीएचसी परिसर में निमार्णाधीन पचास बेड के महिला एवं बाल चिकित्सालय की गुणवत्ता खंगालने के लिए मंगलवार को टीएसी की जांच को लेकर यहां दिन भर हडकंप का माहौल दिखा।

क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने लोगों की शिकायत पर कुछ समय पहले अचानक अस्पताल के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया था। नाराज विधायक आराधना मिश्रा मोना ने अस्पताल के निर्माण कार्य में हो रही खामियों को लेकर शासन को शिकायती पत्र भी भेजा था। विधायक के शिकायती पत्र पर मंगलवार को यहां अचानक लखनऊ से प्राविधिक सम्परीक्षा कोष्ठ लोक निर्माण की टीम जांच के लिए

### एमसीएच हॉस्पिटल के निर्माण को लेकर विधायक ने लिखा था पत्र



लालगंज में निमार्णाधीन महिला बाल चिकित्सालय की जांच मे जुटी टीएसी

आ पहुंची। प्राविधिक परीक्षक जसवंत सिंह की अगुवाई में टीम के पहुंचते ही अस्पताल परिसर मे हडकंप मच गया। पचास बेड के मैटरनिटी विंग के निर्माण कार्यो के स्थलीय जांच व परीक्षण में टीम ने तीन घण्टे तक निमार्णाधीन तीन मंजिला अस्पताल की गुणवत्ता की जांच मे जमकर मशक्कत की। टीम के पहुंचने के बावजूद निर्माण निगम के अधिशाषी अभियंता सुनील कुमार के काफी विलम्ब से पहुंचने पर उन्हें प्राविधिक परीक्षक की फटकार झेलनी पड़ी। जांच टीम ने अस्पताल के प्रतीक्षालय तथा अभ्यागत कक्ष के साथ ऊपरी मंजिलों पर भी सीमेण्ट एवं मोरंग व टाइल्स आदि का सैम्पल लिया गया। टीम सैम्पल को सीज कर गुणवत्ता के लिए अपने साथ ले गयी। खिडकियों के बाबत जब अवर अभियंता से उसकी लम्बाई चैडाई पूछी गई तो वह निरूत्तर दिखे। सैम्पल लेते समय मोरंग तथा सीमेण्ट के प्लास्टर भरभरा कर गिरने लगे। इसे देख भी टीम की त्यौरियां चढ़ आयी। निर्माण निगम के अधिशाषी अभियंता समेत ठेकेदारों को जांच के दौरान टीम के सामने लगातार गिडगिडाते भी देखा गया। टीम में चीफ महेशचंद्रा भी निर्माण की प्रगति धीमी पाकर खफा दिखे।

## 135 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास खण्ड कालाकांकर के प्राथमिक विद्यालय कोराली में 135 मरीजो के स्वाथ्य का परीक्षण चित्रकूट से आये सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के चिकित्सक डॉ0 पंकज गुप्ता के छह सदस्यी टीम ने किया जिसमें नेत्र ऑपरेशन के लिये 37 मरीजो को चयनित किया गया जिसमें धान की रोपाई के चलते 23 मरीज नेत्र ऑपरेशन के लिए चित्रकूट ले गए इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार गुप्ता के साथ समाज सेवी संस्था के नवल किशोर अग्रहरि उर्फ कक्कू के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

# श्वेता गुप्ता का राष्ट्रीय युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष ने किया स्वागत

## हरियाणा में कराटे प्रतियोगिता में मिला है गोल्ड मेडल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** यूथ गेम्स डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा गोल्ड मेडल से नवाजी गई श्वेता गुप्ता का प्रतापगढ़ आगमन पर रेलवे स्टेशन, प्रतापगढ़ पर राष्ट्रीय युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष ने अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

श्रीराम मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोनीपत हरियाणा में यूथ गेम्स डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 23 जुलाई 2022 को आयोजित किए गए। चौथे यूथ गेम्स नेशनल



श्वेता गुप्ता को बुके देकर सम्मानित करते प्रदेश अध्यक्ष।

चैंपियनशिप में 14, 17, 19 एवं सीनियर वर्ग की कराटे प्रतियोगिता में 25 किलोग्राम वर्ग में सोनीपत, हरियाणा का प्रतिनिधत्व करते हुए प्रथम आने वाली प्रतापगढ़ की श्वेता गुप्ता को 25 जुलाई 2022 को गोल्ड मेडल से पुरस्कृत किए जाने के साथ प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। राष्ट्रीय युवा वाहिनी के प्रयागराज मंडल अध्यक्ष सुधीर चन्द्र केसरवानी, मंडल उपाध्यक्ष प्रेमदीप श्रीवास्तव, नगर विधिक सलाहकार शिव अग्रवाल एवं नगर उपाध्यक्ष यश केसरवानी के साथ प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र केसरवानी ने श्वेता गुप्ता का स्वागत करते हुए कहा कि श्वेता की उपलब्धियों से समूचा जनपद आज गौरवान्वित हुआ है। उक्त अवसर पर अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा भी उपस्थित रहे।

## महिला की पिटाई पर चार के खिलाफ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिश को लेकर महिला की पिटाई के मामले में पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के भटपुरवा मधुकरपुर निवासी राजकुमार की पत्नी पूनम शर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि तेईस जुलाई को सुबह छः बजे पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी उसके दरवाजे चढ़ आये। आरोपी गांव के राजेश शर्मा पुत्र रमाशंकर, अजय पुत्र राजेश, चंद्रशेखर पुत्र तुलसीराम तथा पवन पुत्र सतीदीन ने पीडिता को गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पीडिता की लाठी डंडे से पिटाई कर दी। आरोपियो ने पीडिता को जानलेवा धमकी भी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सोमवार की रात चार आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# शौचालय सम्बन्धी शिकायत की जांच करने पँहुचे एडीओ पंचायत

## आख्या तैयार कर भेजी जाएगी रिपोर्टः एडीओ पंचायत

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास खण्ड कालाकांकर की ग्राम पंचायत रामपुर गडौली में वर्ष 2021 में तत्कालीन ग्राम प्रधान के कार्यकाल में ग्रामीणों की ऑन लाइन शिकायत की जांच करने मंगलवार को एडीओ पंचायत कालाकांकर बीडीओ कालाकांकर जी डी शुक्ल के आदेश पर जांच करने पहुंचे। इस दौरान गांव में हड़कम्प मचा रहा। जानकारी करने पर एडीओ पंचायत एस के शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2021 में तत्कालीन ग्राम प्रधान के कार्यकाल में ग्रामीणों ने हैण्डपम्प रिबोर, नाली व शौचालय की शिकायत किया था जिसमें जांच में कुछ सही व गलत पाए गए जिसकी आख्या तैयार कर रिपोर्ट भेजी



शौचालय सम्बन्धी शिकायत की ग्रामीणों से जानकारी लेते एडीओ पंचायत

जाएगी। इस दौरान ग्रामीणों में पूर्व ग्राम प्रधान के कार्यकाल में की गई खपलेबाजी से आक्रोश दिखाई दे रहा था। ग्रामीणों में इस बात का आक्रोश था कि हम लोगो के खाता में शौचालय का पैसा आया और निकल गया, जानकारी तक नही हुई। इसी तरह गाँव के मृतकों के खाता में बैंक से शौचालय का पैसा निकल गया। यदि इसकी सही तरीके से जांच की जाए तो बैंक के कर्मचारी भी लपेट में आ सकते हैं।

## फेसबुक के जरिए दोस्ती करके युवती ने ठगे चार लाख, पट्टी कोतवाली में युवक ने दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** फेसबुक पर हुई दोस्ती धोखेबाजी में बदल गई। एक युवती ने एक युवक से पहले फेसबुक पर दोस्ती का हाथ बढ़ाया। जब दोस्ती गहरी हुई तो धीरे-धीरे युवती ने प्रेमजाल में फंसाकर युवक से पैसे ऐठना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे उसने युवक से चार लाख रुपये ले लिए। इस दौरान युवती ने युवक से शादी करने की बात कहती रही। बाद में जब युवक ने शादी का दबाव बनाया तब युवती इसके लिए मुकर गई। अपने को ठगा महसूस करते हुए युवक ने पट्टी कोतवाली में युवती के विरुद्ध शिकायती पत्र दिया है। जनपद गाजीपुर के दुल्लापुर गांव का रहने वाला वीरेंद्र चैहान पट्टी कोतवाली में पहुंच कर तहरीर दिया जिसमें उसने आरोप लगाया कि पट्टी तहसील क्षेत्र की कंसापट्टी गांव की रहने वाली एक युवती उसके पास फ्रेंड रिक्वेस्ट फेसबुक पर भेजा। फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने के बाद दोनों मैसेंजर पर चैटिंग करने लगे। युवती ने ठगी करने के उद्देश्य से युवक से पहले दोस्ती की फिर बाद में विवाह करने की बात कही। युवक शाहजहां में नौकरी करता था। इस दौरान उसने धीरे-धीरे करके युवती को कुल चार लाख रुपये दे दिए। बाद में जब युवक ने शादी के लिए दबाव बनाना शुरू किया तो इसके लिए वह मुकर गई। इसके अलावा युवती ने युवक से कई घरेलू सामान भी ऑनलाइन मंगवाया था। अब पट्टी कोतवाली पहुंचकर युवक ने युवती तथा उसकी मां के विरुद्ध तहरीर दिया है। युवक का आरोप है कि उसकी मां भी इस ठगी की साजिश में शामिल थी।

## खड़ी ट्रक से 19 बैल को पुलिस ने किया बरामद

**परियावां, प्रतापगढ़।** लखनऊ प्रयागराज नेशनल हाइवे पर नवाबगज थाना के निकट बाजिदपुर गांव के समीप सोनू ढाबा के 50 मीटर पहले खड़ी ट्रक के अंदर मुखबिर की सटीक सूचना पर नवाबगंज पुलिस के ट्रक के अन्दर 19 बैल बरामद किया जिसे अपने साथ थाने ले गई। जानकारी करने पर नवाबगज एस आई बलवन्त सिंह ने बताया कि मंगलवार की सुबह लगभग पांच बजे सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के सोनू ढाबा के निकट एक ट्रक खराब होने के कारण खड़ी है।

## पति की प्रताड़ना से परेशान होकर महिला ने पुलिस से लगाई गुहार

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पति द्वारा अपनी पत्नी को कमरे में बंद कर उसे मारने पीटने तथा उसका मोबाइल तोड़ने के मामले में पत्नी ने पति के विरुद्ध कोतवाली में शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के असुढी गांव की रहने वाली लालती पत्नी रामदयाल ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में तहरीर दिया और उसने बताया कि उसका पति आए दिन उसके साथ मारपीट करता है उसने बताया जब वह अपने मायके बात करना चाही तो उसका पति उसका मोबाइल तोड़ डाला और उसे एक कमरे में बंद कर दिया किसी तरह दरवाजा खोल करवा थाने पहुंची और मामले में इंसाफ की गुहार लगाई है।

# थाने में पिटाई को लेकर एसपी का चढ़ा पारा, दरोगा समेत तीन सिपाही निलंबित

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** थाना परिसर में दरोगा द्वारा अनावश्यक पिटाई को लेकर खफा एसपी की मंगलवार को एसओ समेत दरोगा और सिपाहियों पर गाज गिर गयी। एसपी की तल्ख कार्रवाई से सर्किल पुलिस में हडकंप मच गया। एसओ को लाइनहाजिर कर दिया गया तो दरोगा समेत तीन सिपाही निलंबन की जद में आ गये। एसपी ने बच्चालाल प्रसाद को नये प्रभारी निरीक्षक के रूप में उदयपुर की कमान सौंपी है। उदयपुर थाना के अठेहा बाजार में टेम्पो स्टैण्ड को लेकर दो पक्षों मे विवाद हो गया था। जानकारी होने पर थाने मे तैनात दरोगा प्रमोद यादव फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे थे। दरोगा दोनों पक्षो को थाने ले गये। वहां एक पक्ष के

### एसओ हुए लाइन हाजिर, बच्चा लाल प्रसाद उदयपुर के नये प्रभारी निरीक्षक

द्वारा पुलिस कार्रवाई का विरोध किया गया तो गुस्साये दरोगा प्रमोद यादव ने तथा हेड कांस्टेबल संतोष कुमार व कांस्टेबल रवि प्रकाश यादव एवं कांस्टेबल रामप्रकाश ने उसकी पिटाई कर दी। थाने मे मौजूद थानाध्यक्ष एहसानुलहक ने पुलिस कार्रवाई को लेकर चुप्पी साध ली थी। दरोगा की पिटाई से आहत पीडित दलित ने एसपी सतपाल अंतिल से शिकायत कर दी। एसपी ने मामले की जांच लालगंज के सीओ रामसूरत सोनकर को सौंपी। सीओ ने अपनी गोपनीय जांच आख्या मे पुलिस कार्रवाई को अनुचित माना। रिपोर्ट मिलते ही एसपी का पारा चढ़ आया। मंगलवार की सुबह एसपी ने थानाध्यक्ष एहसानुलहक को कुर्सी से पैदल कर जहां लाइन का रास्ता दिखलाया। वहीं अनुचित बल प्रयोग के आरोपी दरोगा प्रमोद यादव व आरक्षी संतोष कुमार तथा रविप्रकाश व रामप्रकाश को निलंबित कर दिया। एसपी ने उदयपुर में बच्चालाल प्रसाद को नया प्रभारी निरीक्षक तैनात किया है। एसपी की कडी कार्रवाई की जानकारी होने पर उदयपुर थाने के साथ सर्किल के थानों मे भी पुलिसकर्मियों में हडकंप व दहशत देखी गयी।

## खबर संक्षेप

### सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबन्धन पुरस्कार-2023 के लिए प्रस्ताव आमंत्रित

**कौशाम्बी।** जनपद के इच्छुक व्यक्ति /संस्थायें नेता जी सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबन्धन पुरस्कार-2023 हेतु 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन करे राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा नेता जी सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबन्धन पुरस्कार-2023 के लिए प्रस्ताव आमन्त्रित किये गये हैं। यह पुरस्कार आपदा प्रबन्धन के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों /संस्थाओं को प्रत्येक वर्ष नेता जी के जन्मदिवस 23 जनवरी को दिया जाता हैं। जनपद के इच्छुक व्यक्ति/संस्थायें ह्लनेता जी सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबन्धन पुरस्कार-2023ह्व हेतु ऑनलाइन आवेदन 31 अगस्त 2022 तक बेवसाइट पर कर सकतें हैं।

### पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को 05 वर्ष कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से थाना महेवाघाट पर पंजीकृत पॉक्सो एक्ट के मुकदमे व एससी एसटी एक्ट के अभियुक्त इन्द्रजीत विश्वकर्मा उर्फ घुघुरुद्दीन पुत्र राम मनोहर निवासी अन्धाव थाना महेवाघाट को न्यायालय स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट द्वारा अभियुक्त को 05 वर्ष कारावास तथा 11 हजार रुपए का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया अर्थदण्ड न अदा करने पर 06 माह का अतिरिक्त कारावास।

# कहर बनकर गिरी आकाशीय बिजली सात की मौत कई झुलसे

**अखंड भारत संदेश**

कौशांबी जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में आकाशीय बिजली गिर जाने से छह लोगों की मौत हो गई है और हादसे में कई लोग झुलस गए हैं सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय थाना पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है और झुलसे लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

घटनाक्रम के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के कोरीपुर गांव की महिला लक्ष्मी देवी सरोज उम्र लगभग 30 वर्ष पत्नी अक्षय लाल उर्फ बंबइया सरोज मंगलवार को खेत में धान की रोपाई करने गई थी लगभग 3:30 बजे तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली लक्ष्मी देवी के ऊपर गिर गयी जिससे महिला झुलस गई और घटनास्थल पर ही तड़प कर उसकी मौत हो गई है महिला की मौत होते ही घटनास्थल पर कोहराम मच गया।

इसी प्रकार चरवा थाना क्षेत्र के काजू गांव निवासी मजदूर बसन्त पासी उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र सिरमा पासी मंगलवार को खेतों में धान की रोपाई कर रहे थे इसी बीच अचानक बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिर गई है जिससे बसंत पासी की मृत्यु हो गई है मजदूर की मौत की जानकारी



महिला की मौत के बाद घर पर जुटी भीड़

होते ही परिवार सहित गांव के लोग मौके पर पहुंचे हैं मौके पर कोहराम मच गया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है सूचना पर पहुंची पुलिस ने मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अन्य घटना के अनुसार चरवा थाना क्षेत्र के हडहाई गांव निवासी कन्या देवी उम्र 60 वर्ष पत्नी दिनाई मंगलवार की दोपहर को खेतों में धान की रोपाई कर रही थी लगभग 3:30 बजे बारिश के दौरान तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली महिला के ऊपर गिर गई जिससे महिला झुलस गई इस हादसे में महिला की मौत हो गई है महिला की मौत होते ही आसपास के खेतों में काम कर रहे मजदूरों ने घटना की सूचना महिला के परिजनों को दी रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंचे हैं मामले की सूचना चरवा पुलिस को दी गई है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार पिपरी थाना अंतर्गत लेधौर गांव में आकाशीय बिजली गिरने से धर्मेंद्र कुमार पुत्र हुबलाल की मौत हो गई है वह घर से कुछ ही दूर खेत में भैंस हकाने पत्नी के साथ गया था। तभी अचानक 6:10 मिनट पर आकाशीय बिजली कड़कने से धर्मेंद्र कुमार गिर गया और उसकी पत्नी बेहोश हो गई जहा आनन-फानन में परिजन उसे प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए जहां डॉक्टरों ने धर्मेंद्र कुमार को मृत घोषित कर दिया वही पत्नी की हालत गंभीर बताई जा रही है।

पिपरी थाना:चायल चौकी क्षेत्र के शाना सटाई गांव में आकाशीय बिजली गिरने से 13 वर्ष के बालक मुन्ना पुत्र गनेशी की मौत हो गयी है वह खेत में घूमने गया था तभी अचानक आकाशीय बिजली गिरने से बालक की मौत हो गई है सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने बालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सराय अकिल थाना क्षेत्र के गौतम का पुरवा तिल्हापुर गांव निवासी रामप्रसाद उम्र 50 वर्ष पुत्र रामकृपाल पासी के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई है जिससे उनकी भी मौत हो गई है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने अधेड़ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इसी प्रकार कौशांबी के सिराथू तहसील क्षेत्र के बिछौरा गांव में रंजना देवी उम्र 19 वर्ष पुत्री नथन पटेल अकाशीय बिजली की चपेट में आ गई है जिससे रंजना देवी की मौत हो गई है सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है बालिका की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

मंझनपुर कोतवाली के मवई केवट गांव निवासी रमेश यादव की पुत्री करिश्मा यादव खेत मे धान की रोपाई रही थी बारिश के साथ आकाशीय विजली गिरने से करिश्मा झुलस गई है झुलसी बालिका को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।

पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गोराजू गांव निवासी पुष्पा देवी पेशे से डॉक्टर हैं मंगलवार दोपहर 4:00 बजे तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली उनके मकान पर जा गिरी जिससे घर का बारजा टूट कर गिर गया और घर के अंदर रखे विद्युत उपकरण इनवर्टर फ्रिज पंखी बल्ब आदि फूंक गए।

## शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देकर सुधार लाए : डीएम

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति तथा आपरेशन कायाकल्प के तहत 19 पैरामीटर पर कराये जा रहें कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई बैठक में जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों से कहा कि जिन विद्यालयों में बाउण्ड्रीवाल नहीं है, उन सभी विद्यालयों में आ रही समस्याओं को दूर कर बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आपरेशन कायाकल्प के तहत 19 पैरामीटर पर कराये जा रहें, जो कार्य शेष रह गये, उन सभी कार्यो को शीघ्र पूर्ण कर लिया जाय उन्होंने आधार प्रमाणीकरण की समीक्षा के दौरान कहा कि बच्चों का आधार कार्ड बनाये जाने के कार्य में और तेजी से प्रगति लाई जाय जिलाधिकारी ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों से कहा कि और अधिक संख्या में विद्यालयों का निरीक्षण किया जाय। उन्होंने कहा कि विद्यालयों का निरीक्षण विशेष कर विद्यालय खुलने के समय पर ही किया जाय। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देकर सुधार लाया जाय इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह एवं जिला विकास अधिकारी विजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ डीएम ने की बैठक

## स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किये जाने की कार्यवाही शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में जनपद के मतदाता सूची में शामिल मतदाताओं के आधार नम्बर ऐच्छिक रूप से एकत्र किये जाने के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की बैठक में अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं की प्रविष्टियों के प्रमाणीकरण और भविष्य में उन्हें बेहतर चुनावी सेवायें प्रदान करने के उद्देश्य से मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किये जाने की कार्यवाही दिनांक 01 अगस्त 2022 से प्रारम्भ की जायेंगी तथा 01



राजनैतिक दल के नेताओं के साथ बैठक करते डीएम

अगस्त 2022 को जिला निर्वाचन अधिकारी / निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा औपचारिक रूप से जनपद स्तर एवं विधानसभा स्तर पर शुभारम्भ किया जायेंगा। समस्त बी0एल0ओ0 अपने-अपने बूथों पर उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1950 के नियम 23 के अनुसार सम्मिलित मतदाताओं द्वारा आधार नम्बर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम-1960 के उप नियम-26 बी0 द्वारा अधिसूचित फार्म-06बी में दिया जायेंगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 के निदेर्शानुसार मतदाताओं की सुविधा हेतु फार्म-06बी जमा करने के लिए दिनांक 07 अगस्त एवं 21 अगस्त 2022 को समस्त मतदान केन्द्रों पर विशेष कैम्प का आयोजन किया जायेंगा। विशेष अभियान दिवस पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सुपरवाइजर बूथों का भ्रमण कर बी0एल0ओ0 की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से इस कार्य में सहयोग करने का आग्रह किया गया। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की समस्याओं/ जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। इस अवसर पर सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

# सुलभ शौचालय के पास आरओ मशीन लगने से लोगो में आक्रोश

## सभ्य समाज के संभ्रांत नागरिकों ने जताई आपत्ति उप जिलाधिकारी चायल के द्वारा लगवाई गई मशीने

**भरवारी कौशाम्बी।** आम जनमानस की मांग पर उप जिला अधिकारी चायल ने नगर पालिका परिषद भरवारी में नगर पालिका भरवारी के कस्बा में जगह जगह कई आरओ मशीन लगवाई वही लोगो व राहगीरो की समस्या का निदान भी हुआ लोग उप जिलाधिकारी के इस कार्य से खुश भी हुए और उनको इस नेक कार्य के लिए बधाई भी दी वही एक आर ओ मशीन सुलभ शौचालय के पास लगाने से सभ्य समाज मे रहने वाले संभ्रांत नागरिकों ने इस आर ओ मशीन के उक्त जगह लगने से लोगो मे काफी नाराजगी ब्याप्त है। हालांकि जहा पर आर ओ मशीन लगाई गई है वह बहुत ही सही जगह पर लगी है परंतु उस आर ओ को वहाँ से उठा कर पांच या दस मीटर की दूरी पर लगवाने की मांग लोगो ने उपजिलाधिकारी चायल से की है लोगो ने कहा इस प्रचंड गर्मी में आर ओ मशीन लगाकर लोगो को प्यास से निजात तो मिल गया परंतु जगह का चयन ठीक से नही हुआ जिसके चलते सभ्य समाज मे रहने वाले संभ्रांत नागरिक इस आर ओ मशीन का पानी पीने से परहेज कर रहे है बगल में सुलभ शौचालय बना है जिससे गंदगी व्याप्त रहती हैं और गंदगी के बीच पीने के पानी से लोगों को दिक्कतें हो रही है।




## न्यूज झरोखा

### नगर पालिका द्वारा बनाया गया नाला कुछ महीने में ध्वस्त

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के ठेकेदारों द्वारा किए गए निर्माण कार्यों में जमकर धांधली हो रही है निर्माण कार्य की गुणवत्ता कुछ महीने में ही उजागर हो रही है लेकिन नगर पालिका भरवारी के अधिकारी ठेकेदारों के भ्रष्ट गतिविधियों पर रोक लगाने के बजाय सिस्टम में शामिल हो गए हैं लाखों रुपए की लागत से बीते महीने मूरतगंज में पलहाना रोड सुपर फैमिली मार्ट के बगल से आरसीसी रोड के बगल में नाला बनाया गया था लेकिन यह नाला कुछ महीने भी नहीं चल सका पहली बारिश में ही नाला ध्वस्त हो गया है जिससे जल निकासी की भी समस्या लोगों के सामने खड़ी हो गई है नाला ध्वस्त होने के बाद जलभराव शुरू हो गया है और साफ सफाई करने से भी सफाई कर्मचारियों ने हाथ खड़े कर दिए हैं जिससे चारों ओर गंदगी व्याप्त है। ग्रामीणों ने जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए घटिया निर्माण करने वाले ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की है।



### भारतीय गौ रक्षा सेना के अल्पसंख्याक सह संयोजक बने अशरफ हुसैन

**कौशांबी।** भारतीय गौ रक्षा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर मनोज कुमार सिंह ने उत्तर प्रदेश अल्पसंख्याक विभाग का सह संयोजक असरफ हुसैन को नियुक्त किया है मूल रूप से करारी के रहने वाले असरफ हुसैन को राष्ट्रीय सह संयोजक बनाए जाने पर उनके समर्थकों ने उन्हें बधाई दी है 19 जुलाई को राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर मनोज कुमार सिंह ने पत्र जारी कर उन्हें कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश देते हुए संस्थान के प्रति निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने का निर्देश दिया है।



### सीडीओ ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत प्रमाण-पत्र का किया वितरण



**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर दिवेदी ने विकास भवन में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत खरीफ-2021 में सर्वाधिक क्षतिपूर्ति पाने वाले किसानों को क्षतिपूर्ति स्वीकृति प्रमाण-पत्र का वितरण किया मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड सरसवॉ के ग्राम पंचायत डकशरीरा के निवासी वीरेन्द्र प्रसाद को क्षतिपूर्ति रुपए 38 हजार 567 का स्वीकृति प्रमाण-पत्र राजेन्द्र प्रसाद को क्षतिपूर्ति रुपए 30 हजार 986 का स्वीकृति प्रमाण-पत्र शिव शंकर को क्षतिपूर्ति रुपए 20 हजार 812 का स्वीकृति प्रमाण-पत्र एवं कल्पनाथ तिवारी को क्षतिपूर्ति रुपए 18 हजार 717 का स्वीकृति प्रमाण-पत्र वितरित किया तथा विकास खण्ड मंझनपुर के ग्राम पंचायत शाहपुर टिकरी के निवासी शिव मूरत को क्षतिपूर्ति रुपए 21 हजार 847 का स्वीकृति प्रमाण-पत्र वितरित किया मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक अन्नत राम यादव एवं बीमा कम्पनी प्रतिनिधि जिला समन्वयक राहुल शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# जिलाधिकारी ने की विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक

## जिला पंचायत राज अधिकारी एवं सभी ईओ को अभियान चलाकर नालियों की साफ-सफाई, दवा का छिडकाव एवं फॉगिंग कराने के निर्देश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के तहत किये जा रहें कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि दस्तक अभियान के तहत आशा सभी घरों का भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें बैठक में बताया गया कि ऑगनवाडी कार्यकत्री द्वारा घरों का भ्रमण अपेक्षा अनुरूप नहीं किया गया है जिस पर जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि ऑगनवाडी सभी घरों का भ्रमण कर सौपें गये कार्यो का निर्वहन करें। बैठक में बताया गया कि विकास खण्ड कड़ा एवं चायल के प्राथमिक विद्यायालों में शिक्षकों द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सम्बन्ध में कम विद्यालायों में ही बच्चों को जागरूक किया गया है जिस पर जिलाधिकारी ने खण्ड शिक्षा अधिकारी कड़ा एवं चायल से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी विद्यालयों के बच्चों को शिक्षकों द्वारा जागरूक किया जाए जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी एवं सभी ईओ को अभियान चलाकर नालियों की साफ-सफाई दवा का छिडकाव एवं फॅगिंग कराने के निर्देश दिये उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को अपने कर्मचारियों के माध्यम से झाडियों की साफ-सफाई में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक प्रकार से करें उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से कहा कि आगामी 03-04 दिन तक अभियान चलाकर सीएचसी एवं पीएचसी में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने जिला विकास



संचारी रोग की बैठक में उपस्थित अधिकारी

अधिकारी को विकास भवन एवं सभी अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालयों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये बैठक में उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ हिन्द प्रकाश मणि ने बताया कि 03 अगस्त से 02 सितम्बर 2022 तक अभियान चलाकर 09 माह से 05 वर्ष की आयु तक के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलायी जानी है। उन्होंने बताया कि जनपद में 2 लाख 26 हजार 409 बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाने का लक्ष्य है इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार एवं जिला विकास अधिकारी विजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जनपद के पत्रकारों की बैठक संपन्न

## बैठक में न्यूज रिपोर्टर क्लब के चुनाव और ग्रमीण अंचल के पत्रकारों को शामिल करने पर हुआ मंथन, पूर्व में हुई बैठक के कार्यवाही पर बिचार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** जनपद के ग्रमीण अंचल के पत्रकारों सहित सोमवार को एक अहम बैठक अखंड भारत अखबार के जिला कार्यालय पर जनपद के वरिष्ठ पत्रकार अखंड भारत अखबार के कौशांबी ब्यूरो चीफ सुशील कुमार केसरवानी के अध्यक्षता में समय 12बजे संपन्न हुई बैठक का संचालन राजेन्द्र बाबा पत्रकार पंजाब केसरी व स्थानीय संपादक रुद्र धारा ने किया बैठक में आए तमाम सम्मानित पत्रकार भाईयों से परिचयात्मक वार्ता के साथ न्यूज रिपोर्टर क्लब के तहसील ब्लाक के पदाधिकारियों के चयन की चर्चा चुनाव करा कर किये जाने पर बल देते हुए ग्रमीण अंचल के पत्रकारों को शामिल करने पर सहमति बनी ।वही न्यूज रिपोर्टर क्लब के पूर्व बैठक में मान्यता प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार राम बदन भार्गव के बिचार को ग्रमीण अंचल के पत्रकारों को अहमियत देने की बात को अध्यक्ष शुशील कुमार केसरवानी ने पत्रकारों को बताया तथा कहा कि पत्रकार जो समाचार से जुडा हुआ है वह सभी हमारे साथी है उनमें छोटे बडे का भेद भाव नहीं होना चाहिए गांवो से जुडे पत्रकार अपनी खबरों को ग्रमीण अंचल से देकर एक अहम भूमिका निभा रहा है जिसे हम सबको सम्मानित द्दष्ट से देखना चाहिए। वहीं उपस्थिति पत्रकारिता से जुड़े पत्रकारों को न्यूज रिपोर्टर क्लब की सदस्यता ग्रहण करने की बात कही गयी शुशील कुमार केसरवानी ने बताया कि सदस्यता शुल्क के रूप में 201रुपया प्रति सदस्य रखा गया है जो किसी भी समय अपनी दो फोटो आधार कार्ड की फोटो स्टेट सहित अखंड भारत अखबार के जिला कार्यालय पर जमा कर-के रसीद प्राप्त करें तथा उनका शुल्क नामित सदस्यता अधिकारी पवन कुमार दुबे के पास उपलब्ध करा दिया जायेगा जो हमारे न्यूज रिपोर्टर क्लब की राशि होगी बैठक में सभी उपस्थित पत्रकारों ने इस पर सहमति प्रकट किया और अध्यक्ष द्वारा अगली बैठक में सहमति बनाकर वरिष्ठ न्यूज रिपोर्टर क्लब के पदाधिकारियों के समक्ष रख कर चुनाव की तिथि का निर्धारण ग्रमीण अंचल के पत्रकारों को शामिल कर तहसील ब्लाक अध्यक्ष बनाएँ जानें की प्रक्रिया की जायेंगी संचालन कर रहे राजेन्द्र तिवारी बाबा ने सभा का समापन करतें हुए हृदय से सबको धन्यवाद दिया बैठक में मुख्य रूप से संतलाल मौर्या राजू सक्सेना गणेश साहू सुबोध केसरवानी समीर अहमद अजीत कुमार विष्णु सोनी विजेंद्र केसरवानी अनिल कुमार वर्मा राजू पांडेय मुन्ना यादव सियाराम सिंह सुशील कुमार मिश्रा अनिल कुमार विजय कुमार दीनू वर्मा उमेश मिश्रा विशाल जी मोहम्मद आरिफ सहित तमाम पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# निपुण भारत लक्ष्य प्राप्ति हेतु मनोयोग से लग जाएं शिक्षक शिक्षिकाएं : खंड शिक्षा अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशाम्बी।** मूरतगंज विकास खंड क्षेत्र के परसरा कम्पोजिट विद्यालय में न्याय पंचायत स्तर के शिक्षक संकुल की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश नारायण मिश्र ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना के पश्चात कहा कि निपुण भारत लक्ष्य की प्राप्ति हेतु समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं पूरे मनोयोग से लग जाए जिससे शीघ्र ही हम सभी लोग निपुण भारत लक्ष्य को प्राप्त कर सके बैठक में प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अशोक द्विवेदी जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष रत्नेश कुमार तथा एआरपी धर्मेंद्र पाठक राम रतन आदि ने बैठक मैं विस्तार से चर्चा की कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ शिक्षक संकुल प्रवीण कुमार मिश्रा द्वारा किया गया उक्त बैठक में न्याय पंचायत रोही के समस्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापक शिक्षक संकुल सहायक अध्यापक धीरज सिंह नीतू सक्सेना प्रगति गुप्ता विवेक कुमार मिश्रा लव कुश अग्रहरि सहित आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे



कार्यक्रम में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी



कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षिकाएं

**समय से स्कूल आएं शिक्षक : खंड शिक्षा अधिकारी : भरवारी कौशांबी।** खंड शिक्षा अधिकारी मूरतगंज मुकेश नारायण मिश्र ने कहा कि शिक्षक स्कूल समय से पहुंचे चैकिंग के नाम पर कोई भी शिक्षक तेज गति से वाहन चलाकर जान जोखिम में डालकर स्कूल नही आएगा किसी भी शिक्षक को घबराने की जरूरत नही घबराने से सिर्फ दुर्घटना ही होती है आप सुरक्षित है तो चैकिंग दुबारा हो जायगी इस लिए आप सभी शिक्षकों से मेरा कहना है कि कोई भी शिक्षक हड़बड़ी में तेज गाड़ी चलाकर स्कूल नही आएगा उन्होंने कहा कि इसका मतलब यह भी न समझा जाए कि आप लोग विलंब से स्कूल पहुचे खास तौर पर पड़ोसी जनपदों से आने वालों को सख्त निर्देश है कि वह समय से अपने स्कूल आये मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय परसरा में औचक निरीक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश नारायण मिश्रा ने स्कूल की प्रगति रिपोर्ट बच्चो की उपस्थिति साफ सफाई व दस्तावेजो का रख रखाव देखकर बहुत प्रस्सन हुए वही उन्होंने इससे पहले भी स्कूल की प्रगति रिपोर्ट व साफ सफाई पर उच्च अधिकारियों द्वारा पुरुस्कृत किये जाने का शंकुल के समस्त आए हुए टीचरों को बताया इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार द्विवेदी पूर्व माध्यमिक विद्यालय के अध्यक्ष रत्नेश कुमार यादव आदि तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

# पाइप लाइन डालने के बाद ठेकेदार ने सड़क पर डाल दी मिट्टी

## नागरिकों को सहूलियत देने के बजाय जल निगम के अधिकारियों ने बढ़ा दी समस्या

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** विकासखंड क्षेत्र सिराथू के अंतर्गत मानपुर गौरा से बभनपुरवा गांव के बीच जल निगम के ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन डालने का कार्य किया गया पाइप लाइन डालने में ठेकेदार ने सड़क खोद दी और बाद में इस सड़क में मिट्टी डालकर सड़क को समतल तो कर दिया लेकिन बरसात के महीने के चलते पानी बरसने से पूरी सड़क पर लोगों का आवागमन दिक्कत पूर्ण हो गया है सड़कों पर बाइक सवार गिरकर घायल हो रहे हैं आखिर किसके निर्देश पर सड़क खोदकर जल निगम का पाइप डाला गया है इस मामले में जल निगम के अधिकारी भी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। पिछले काफी समय से जल निगम द्वारा गांव गांव में पाइप लाइन डालने का कार्य किया जा रहा है। जगह-जगह सड़कों की खुदाई कर



पाइप लाइन डालने के समय सड़क पर मिट्टी पड़ने से बारिश में पूरे रोड में मिट्टी फैल गई है पेयजल पाइप लाइन डालने में नियम विरुद्ध तरीके से सड़कों की खुदाई की गई जो आम जनमानस के लिए मुसीबत बन गई रोड पर मिट्टी पड़ने के बाद सड़कों पर फिसलन जैसी स्थिति हो गई है। जिससे नागरिकों को आवागमन में परेशानी हो रही है। फिसलन से गुजरने पर लोगों को हादसा होने का खतरा सता रहा हैं। आए दिन सड़क पर बाइक सवार गिर जाते हैं गांव वासियों ने जेई से समस्या का समाधान किए जाने की मांग की है लेकिन अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया इस संबंध में अधिशासी अभियंता जल निगम से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन बात नहीं हो सकी।

# पर्यावरण का संकट एवं द्रौपदी मुर्मू का संकल्प

**ललित गर्ग**

**भारत** के 15वें राष्ट्रपति के रूप में देश के सर्वोच्च पद पर, प्रथम नागरिक के आसन पर एक व्यक्ति नहीं, निष्पक्षता और नैतिकता, पर्यावरण एवं प्रकृति, जमीन एवं जनजातीयता के मूल्य आसीन हुए हैं। आजाद भारत में पैदा होकर आजादी के अमृत महोत्सव की बेला में एक ऐसा व्यक्तित्व द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति के आसन पर विराजमान हुई है, जिससे पूरा देश गर्व एवं गौरव का अनुभव कर रहा है। उनके शपथ ग्रहण के साथ देश के जनजाति और वनवासी समुदाय का सिर जिस तरह गर्व से ऊंचा उठा है, वह भारतीय राष्ट्र की नई ताकत और भारतीय राजनीति के नए विस्तार की ओर इशारा करता है। निश्चित ही आदिवासी समुदाय का राष्ट्र की मूलधारा में विस्तार होगा। शपथ ग्रहण के बाद अपने पहले संबोधन में राष्ट्रपति मुर्मू ने आजादी के अमृत महोत्सव को याद किया, जिसे हम कुछ ही दिनों में मनाने वाले हैं। उन्होंने कहा, ह्यमेरा सौभाग्य है कि आजादी के 75वें साल में मुझे यह दायित्व मिला है।ह्न यह तय है कि आजादी का अमृत महोत्सव मनाने एवं आजादी को नये शिखर देने में मुर्मू का सर्वोच्च संवैधानिक पद पर स्थापित होना शुभ एवं श्रेयस्कर है, जिससे सशक्त एवं नये भारत का निर्माण का आधार तैयार हो सकेगा। इससे उस संकल्प और उन सपनों को एक नया आयाम मिला है, जो आजादी की लड़ाई की सबसे प्रमुख भावना थी। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने जिसके लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

मुर्मू के राष्ट्रपति बनने से देश की पर्यावरण एवं प्रकृति से जुड़ी समस्याओं के समाधान की दृष्टि से सकारात्मक वातावरण बन सकेगा। इस बात का संकेत मुर्मू ने बतौर राष्ट्रपति पहली बार देश को संबोधित करते हुए दे दिया है। उससे पहले निवर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अपने आखिरी राष्ट्र-संबोधन में पर्यावरण के मुद्दे को उठाया। यह एक शुभ संकेत एवं शुरूआत है कि दोनों राष्ट्रपतियों ने अपने कार्यकाल के समापन और आरंभ के इस ऐतिहासिक मौके का इस्तेमाल करते हुए पर्यावरण की ज्वलंत होती समस्या के सवाल को महत्वपूर्ण ढंग से रेखांकित किया। चौदहवें राष्ट्रपति कोविंद ने कहा कि प्रथम नागरिक के रूप में अगर मुझे अपने देशवासियों को कोई एक सलाह देनी हो तो मैं उनसे कहना चाहूंगा कि प्रकृति माता गहरी तकलीफ में हैं और जलवायु संकट इस समूचे ग्रह के भविष्य को खतरे मे डाल सकता है। ध्यान रहे पिछले ही महीने विश्व बैंक की ओर से जारी की गई एनवायरनमेंट परफॉर्मेंस इंडेक्स 2022 में भारत सबसे निचली पांत के देशों में शामिल था। इस सचाई से इनकार नहीं किया जा सकता कि पर्यावरण संरक्षण के मामले में हम बहुत पीछे हैं और हमें बहुत कुछ करना है। बेहतर होगा कि नागरिक और सरकार दोनों इस मामले में तालमेल बनाए रखते हुए तेजी से आगे बढ़ें और दुनिया के सामने मिसाल पेश करें।

नई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू वनवासी समुदाय से जुड़ी है, उन्होंने प्रकृति एवं पर्यावरण के संकटों को करीब से देखा है, यह भारत की विकराल होती समस्या है, जिसका गहराना जीवन को अंधेरा में धकेलना है, अतः वे इस समस्या के दर्द को गहराई से महसूस करती है, तभी उन्होंने कहा कि मेरा तो जन्म उस जनजातीय परंपरा में हुआ है जिसने हजारों वर्षों से प्रकृति के साथ तालमेल बनाकर जीवन को आगे बढ़ाया है। मैंने जंगल और जलाशयों के महत्व को अपने जीवन में महसूस किया है। हम प्रकृति से जरूरी संसाधन लेते हैं और उतनी ही श्रद्धा से प्रकृति की सेवा भी करते हैं। जल, जंगल और जमीन इन तीन तत्वों से पृथ्वी और प्रकृति का निर्माण होता है। यदि यह तत्व न हों तो पृथ्वी और प्रकृति इन तीन तत्वों के बिना अधूरी है। विश्व में ज्यादातर समृद्ध देश वही माने जाते हैं जहां इन तीनों तत्वों का बाहुल्य है। भारत भी इसी समृद्धता का देश है, लेकिन इनकी समृद्धता की उपेक्षा के कारण अनेक समस्याएं विकास की बड़ी बाधा बनती जा रही है। बात अगर इन मूलभूत तत्व या संसाधनों की उपलब्धता तक सीमित नहीं है। आधुनिकीकरण के इस दौर में जब इन संसाधनों का अंधाधुन्ध दोहन हो रहा है तो ये तत्व भी खतरे में पड़ गए हैं। अनेक शहर पानी की कमी से परेशान हैं। आप ही बताइये कि कहां खो गया वह आदमी जो स्वयं को कटवाकर भी वृक्षों को कटने से रोकता था? गोचरभूमि का एक टुकड़ा भी किसी को हथियाने नहीं देता था। जिसके लिये जल की एक बूंद भी जीवन जितनी कीमती थी। कत्लखानों में कटती गायों की निरीह आहें जिसे बेचैन कर देती थी। जो वन्य पशु-पक्षियों को खदेड़कर अपनी बस्तियों बनाने का बौना स्वार्थ नहीं पालता था। अब वही मनुष्य अपने स्वार्थ एवं सुविधावाद के लिये सही तरीके से प्रकृति का संरक्षण न कर पा रहा है और उसके कारण बार-बार प्राकृतिक आपदाएं कहर बरपा रही है। रेगिस्तान में बाढ़ की बात अजीब है, लेकिन हमने राजस्थान में अनेक शहरों में बाढ़ की विकराल स्थिति को देखा हैं। जब मनुष्य पृथ्वी का संरक्षण नहीं कर पा रहा तो पृथ्वी भी अपना गुस्सा कई प्राकृतिक आपदाओं के रूप में दिखा रही है। वह दिन दूर नहीं होगा, जब हमें शुद्ध पानी, शुद्ध हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध वातावरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी। इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा। निश्चित ही इन सभी समस्याओं पर मुर्मू की सजगता एवं सतर्कता से देश एक बड़ी राहत को महसूस करेगा। बेशक राष्ट्रपति हमारे देश के संवैधानिक प्रमुख हैं और वह शासन के रोजमर्रा के कामकाज से ऊपर होते हैं। बावजूद इसके, अगर एक के बाद एक दोनों राष्ट्रपतियों ने प्रकृति एवं पर्यावरण के मसले को अपने भाषण शामिल करने की जरूरत महसूस की तो यह अकारण नहीं हो सकता। पर्यावरण आज इतना बड़ा मसला होता जा रहा है जो हर मनुष्य के जीवन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर रहा है। अपनी शुरूआत में ही मुर्मू ने जता दिया कि वे भारत की समस्याओं के समाधान में योगभूत बनेगी, राष्ट्र के इस सर्वोच्च पद के लिए जिन गुणों की अपेक्षा होती है वे इनमें परिलक्षित हैं। ऐसे व्यक्ति के चयन में सर्वसम्मति नहीं मिली तो इसमें राजनैतिक दलों की अपनी मजबूरियां या आग्रह रहे। मुर्मू के लिए वे कोई चुनौती नहीं दे सके। उन्होंने केवल अपनी मजबूरियों को औपचारिकता मात्र दी। मुर्मू का शैक्षणिक एवं राजनैतिक जीवन सदैव प्रशंसनीय रहा है, व्यक्तिगत जीवन अनेक संकटों एवं चुनौतियां का साक्षी बना है। आज इस आदर्श महिला पर कोई भी अंगुली नहीं उठा सकता, चाहे उसमें किसी चिन्ह की अंगूठी पहनी हुई हो। मुर्मू का चयन राष्ट्रपति के आसन पर नैतिक मूल्यों का आसीन होना है। यह देश के लिए शुभ शकुन है। हर विकासशील राष्ट्र को कई बार अग्नि स्नान करता पड़ता है। पर आज हमारा राष्ट्र कीचड़ स्नान कर रहा है। आतंकवाद, अलगाववाद, सम्प्रदायवाद की समस्याएं विषम बनी हुई हैं। कोई भी राजनैतिक दल बाहर एवं अन्दर से वैसा नहीं है, जैसा उसे होना चाहिए, या जैसा होने का वे दिखावा करते हैं। ऐसी स्थिति में मुर्मू का दायित्व कई गुना बढ़ जाता है।



> आधुनिकीकरण के इस दौर में जब इन संसाधनों का अंधाधुन्ध दोहन हो रहा है तो ये तत्व भी खतरे में पड़ गए हैं। अनेक शहर पानी की कमी से परेशान हैं। आप ही बताइये कि कहां खो गया वह आदमी जो स्वयं को कटवाकर भी वृक्षों को कटने से रोकता था? गोचरभूमि का एक टुकड़ा भी किसी को हथियाने नहीं देता था। जिसके लिये जल की एक बूंद भी जीवन जितनी कीमती थी। कत्लखानों में कटती गायों की निरीह आहें जिसे बेचैन कर देती थी

## संपादकीय

# कारगिल विजय: सैनिकों के साहस, आत्मविश्वास की विजय

**परमाणु** हथियारों से सुसज्जित भारत और पाकिस्तान का कारगिल युद्ध 3 मई 1999 से प्रारंभ होकर लगभग दो महीने तक अनवरत चला। पाकिस्तान के व्यवहार एवं नासमझी को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ को भी यह खतरा था कि पाक परस्त उग्रवादियों के सहयोग से प्रारंभ यह युद्ध पाकिस्तान की सीधी प्रतिभागिता होने के कारण कहीं परमाणु युद्ध में न बदल जाये। जुलाई 1999 के आते-आते जब पाकिस्तान को यह अनुभव होने लगा कि भारतीय सेना पाकिस्तान की फौज पर भारी पड़ती जा रही है तो पाकिस्तान ने परमाणु हमले की धमकी दी। यद्यपि संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी परमाणु युद्ध का खतरा बताकर भारत पर दबाव बनाने का कुत्सित प्रयास किया किंतु भारत के कवि हृदय सम्राट तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बहुत ही जिम्मेवारी के साथ कहा कि हम परमाणु हमले के लिए पहल नहीं करेंगे परंतु पाकिस्तान ने यदि गलती से भी भारत पर परमाणु हमला किया तो हमारा तो थोड़ा सा क्षेत्र इस हमले से नष्ट होगा जबकि भारत की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान का वो हाल होगा कि विश्व के मानचित्र पर ढूंढने से भी पाकिस्तान कहीं दिखाई नहीं देगा। इस सिंह गर्जना के बाद भारतीय सैनिकों का मनोबल तो आसमान पर था किंतु पाकिस्तान के हौंसले ऐसे पस्त हुये कि 26 जुलाई तक वह पूर्णरूप से उल्टे पैर अपनी हदों में पहुंच गया। उल्लेखनीय है कि 3 मई 1999 में एक क्षेत्रीय चरवाहे ने भारतीय सैन्य अधिकारियों को बताया कि पाकिस्तानी घुसपैठियों ने हजारों सैनिकों के साथ कारगिल जिले की चोटियों पर श्रीनगर को लेह से जोड़ते राष्ट्रीय राजमार्ग पर नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से अहम सामरिक स्थानों पर कब्जा कर लिया है तथा उसे सैनिक छावनी में तब्दील कर दिया है। चरवाहे से मिली सूचना के बाद बटालिक सेक्टर में लेफ्टिनेंट सौरभ कालिया के पेट्रोलिंग पर हमले ने उस इलाके में घुसपैठियों की उपस्थिति की जानकारी दी। शुरू में भारतीय सेना ने इन घुसपैठियों को जिहादी समझा और उन्हें खदेड़ने के लिए कम संख्या में अपने सैनिक भेजे। 5 मई को सेना की पेट्रोलिंग टीम जानकारी लेने कारगिल पहुँची तो पाकिस्तानी सेना ने उन्हें पकड़ लिया और उनमें से 5 की हत्या कर दी। प्रतिद्वंद्वियों की ओर से हुए जवाबी हमले और एक के बाद एक कई इलाकों में घुसपैठियों के मौजूद होने की खबर के बाद भारतीय सेना को समझने में देर नहीं लगी कि वास्तव में यह एक योजनाबद्ध ढंग से और बड़े स्तर पर की गई घुसपैठ थी, जिसमें केवल जिहादी ही नहीं अपितु पाकिस्तानी सेना भी शामिल थी। यह समझ में आते ही भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय शुरू किया, जिसमें 30,000 भारतीय सैनिक शामिल हुये। हमारी सेना ने इस क्षेत्र को खाली करने के लिए युद्ध का बिगुल बजा दिया। दोनों देशों के परमाणु हथियारों से संपन्न होने के बाद यह पहला युद्ध था जो आमने-सामने लड़ा जा रहा था। विश्व के इतिहास में कारगिल युद्ध दुनिया के सबसे ऊंचे क्षेत्रों में लड़े गए युद्ध की घटनाओं में शामिल है।

# महंगाई से हम नहीं, हमसे महंगाई है

**डॉ. सुरेश कुमार**

**पिछले** साल 365 दिन थे। इस साल भी 365 दिन हैं। वही रविवार, सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार हैं। फिर यह महंगाई वही क्यों नहीं है? पहले केंचुआ, फिर अजगर और अब अनाकोंडा का रूप धारण किए बैठी है। यहाँ कहने को कमीजों पर खलीते सिले होते हैं लेकिन करनी में लक्ष्मी दूर-दूर तक नजर नहीं आती। हमने जुमलों के लिए उल्लू बनकर देखा। यह सोचकर कि कम से कम सरकार न सही लक्ष्मी ही हमें अपना वाहन समझकर बैठ जाती। दुर्भाग्य से जो आदमी, आदमी न बन सका, वह उल्लू खाक बनेगा। सो हम यहाँ भी बेकार साबित हुए। काश दशहरा, दीपावली, रमजान, क्रिसमस की तरह गली-गली-कूचो-कूचों में लक्ष्मी दर्शन दे जाती। लगता है उल्लू ने अपना नाम बदलकर जुमला कर लिया है, इसलिए लक्ष्मी आजकल वहीं विराजमान हैं। एक दिन हम अपने स्थानीय नेता से भेंट कर आए। सौभाग्यवश 364 चक्कर काटने के बाद 365वें चक्कर पर दया-करुणा दिखाई। तब किसी ने हमें बताया कि वे 364 दिन खुद की और 365वें दिन अपनी जनता की सुनते हैं। हमारे पास मुँह था उनके पास कान। हमने महंगाई से बचने का रोना रोया। बदले में उन्होंने महंगाई से डटकर लड़ने का गुरुमंत्र सिखाया। कहा झ्रदूध के बदले देशभक्ति, भोजन के बदले हवा और कपड़े के बदले देश की मिट्टी से सन जाओ। महंगाई तो क्या उसका बाप भी तुम्हारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता। उन्होंने आगे कहा झ्र उत्तर से लेकर दक्षिण तक, पूरब से लेकर पश्चिम तक पुलिस हमारी, वकील हमारे, मीडिया हमारा। जहाँ चाहे वहाँ जाओ। वहाँ हम ही हम नजर आयेंगे।

चूंकि तुमने हमें तर्जनी अंगुली से चुना है, इसलिए हम भी तर्जनी अंगुली से बहार न सही बाहर का रास्ता तो दिखा सकते हैं। हम समझ चुके हैं कि महंगाई के साथ-साथ नेता भी बदल चुके हैं। दोनों के तेवरों में उछाल आया है। सच है कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत एक है क्योंकि नेता वही हैं, मंच वही है, भाषण वही है, अलग-अलग भाषाओं में लूटने का अर्थ वही है। जहा महंगाई से वस्तुओ और सेवाओ की कीमते बढती है, तो वहीं दूसरी ओर नेता की किस्मत और जनता की गरीबी चमकती है। सच है महंगाई उस मिर्च का नाम है जो जनता की आँखों में, जनता के लिए, जनता के द्वारा झोंकी जाती है। नेता तो सिर्फ तमाशा देखने के लिए चुने जाते हैं।

# द्रौपदी मुर्मू: अब दूसरा बड़ा वैश्विक संदेश

**सियाराम पांडेय 'शांत'**

**द्रौपदी** मुर्मू का राष्ट्रपति बनना ऐतिहासिक परिघटना तो है, यह भारतीय लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक भी है। इससे देश-दुनिया में बड़ा राजनीतिक और कूटनीतिक संदेश गया है। इस देश को महिला राष्ट्रपति तो पहले भी मिल चुकी हैं लेकिन आदिवासी महिला राष्ट्रपति पहली बार मिली हैं। उपेक्षित, शोषित, वंचित आदिवासी समाज की वे आवाज बनकर उभरेंगी, यह संदेश दुनिया भर को देने की कोशिश की गई है। इस तरह का संदेश वर्ष 2002 में तब गया था जब प्रख्यात वैज्ञानिक एपीजे अब्दुल कलाम इस देश के राष्ट्रपति चुने गए थे। तब भारत ही नहीं दुनिया भर के मुस्लिम समाज में यह संदेश गया था कि भारत का राष्ट्रपति मुस्लिम है और उससे भी पहले वह पढ़ा-लिखा नेक इंसान है। द्रौपदी मुर्मू के चुनाव में यह भी साबित हुआ है कि कोई भी राजनीतिक दल नहीं चाहता कि आदिवासी समाज उनसे नाराज हो। इसीलिए अधिकांश राजनीतिक दलों ने द्रौपदी मुर्मू का साथ दिया। इसे प्रधानमंत्री का राजनीतिक कौशल ही कहा जाएगा कि उन्होंने अपने एक तीर से विपक्ष की एकता के महल को धराशायी कर दिया। इस एक निर्णय का लाभ वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में गुजरात, छत्तीसगढ़, राजस्थान व मध्यप्रदेश के अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्रों में भाजपा को मिल सकता है। इन राज्यों में अगले साल विधानसभा चुनाव भी होने हैं। जब रामनाथ कोविन्द को देश के दूसरे दलित राष्ट्रपति पद का राजग उम्मीदवार घोषित किया गया था तब भी उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनाव में अति दलित कार्ड खेला गया था। इसका लाभ भी भाजपा को मिला था। मगर इसका वैश्विक संदेश नहीं जा पाया। द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो संदेश गया है, उसके दूरगामी प्रभाव होंगे। दुनिया भर में भारतीय रीति-नीति की प्रशंसा हो रही है।

द्रौपदी मुर्मू के आदिवासी होने के चलते जहां आदिवासियों में अपने उत्थान की उम्मीद जगी है, वहीं नक्सलियों के लाल गलियारे पर भी इसका असर पड़ेगा। अब देश की प्रथम महिला नागरिक की एक अपील नक्सली आतंकवाद को मिटाने में सहायक सिद्ध होगी। इस समय आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में नक्सलियों की उपस्थिति है। जुलाई 2011 तक देश के 83 जिले नक्सलियों के लाल गलियारे में आते थे लेकिन फरवरी 2019 तक 11 राज्यों के 90 जिले नक्सल प्रभावित हो गए थे। यह और बात है कि सुरक्षा बलों की मुस्तैदी और सरकार के निरंतर विकास प्रयास से भारत में लाल नक्सल गलियारा घटा है और वह संभवतः बस्तर तक ही सिमट कर रह गया है। द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने से इन लोगों के समाज और विकास की मुख्यधारा से जुड़ने की उम्मीद है। महिला राष्ट्रपति चुनने के मामले में भारत ने दूसरी बार अमेरिकी लोकतंत्र को आईना दिखाया है। अमेरिका के 250 साल के इतिहास में 45 राष्ट्रपति चुने गए, लेकिन उनमें एक भी महिला राष्ट्रपति नहीं चुनी गई। 1872 के बाद दर्जनों महिलाओं ने अपने दम पर चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें किसी बड़ी पार्टी का समर्थन नहीं मिला। इसकी वजह चाहे जो भी रही हो। 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रत्याशी हिलेरी क्लिंटन बहुत कम अंतर से डोनाल्ड ट्रंप से हारी थीं। हिलेरी अमेरिकी इतिहास की पहली महिला थीं जो राष्ट्रपति पद के इतने नजदीक करीब तक पहुंची थीं। बावजूद इसके यह बात भी सही है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में राष्ट्रपति की कुर्सी पर आसीन होने के लिए महिलाओं को लंबा संघर्ष करना पड़ा। प्रतिभा देवी सिंह पाटिल देश की पहली महिला राष्ट्रपति चुनी गई थीं लेकिन राष्ट्रपति बनने के क्रम में वे 12वें पायदान पर थीं। संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को हराकर द्रौपदी मुर्मू देश की 15वीं राष्ट्रपति चुनी गई हैं। आजादी के 60वें साल में पहली और 75 वें साल में दूसरी महिला राष्ट्रपति का मिलना यह साबित करता है कि महिलाओं को आगे बढ़ाने के मामले में हम शायद बहुत जागरूक और गंभीर नहीं रहे हैं। देश में डॉ. आर के नारायणन और रामनाथ कोविंद जैसे दलित राष्ट्रपति हुए हैं लेकिन इससे दलितों का कितना भला हुआ, इसका जवाब किसी के भी पास नहीं है। ऐसे में द्रौपदी मुर्मू के पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति होने का फायदा तो तब है जब आदिवासियों को उनका हक मिले। उनका सम्यक विकास हो। 1967 में पहली बार मनोहरा होल्कर राष्ट्रपति का चुनाव लड़ीं लेकिन उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा और चुनाव जीतकर डॉ. जाकिर हुसैन भारत की शीर्ष कुर्सी पर विराजित हो गए। 1969 में दोबारा कराए गए राष्ट्रपति चुनाव में गुरचरण कौर ने पर्चा भरा लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। 2002 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज की कैप्टन लक्ष्मी सहगल प्रख्यात वैज्ञानिक एपीजे अब्दुल कलाम से हार गई थीं। 2007 में प्रतिभा देवी सिंह पाटिल ने भैरो सिंह शेखावत को मात देकर बड़े अंतर से चुनाव जीती थीं। 2017 के राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष ने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार पर दांव खेला पर वह राजग उम्मीदवार रामनाथ कोविन्द से चुनाव हार गई थीं। देश को पहली महिला राष्ट्रपति के लिए भले ही 60 साल का इंतजार करना पड़ा हो, लेकिन अब स्थितियां बदल रही हैं। 2002 से लेकर 2022 के राष्ट्रपति के पांच चुनाव में से 4 में महिला उम्मीदवार टक्कर में रही हैं। इसमें से 2007 और 2022 में महिला उम्मीदवार को जीत मिली, जबकि 2002 और 2017 में उन्होंने दूसरा स्थान हासिल किया। आधी आबादी के लिए यह गौरव की बात है कि उनका जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में वर्चस्व बढ़ रहा है लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि उन्हें आत्मनिर्भर बनना है। अपने फैसले उन्हें खुद लेने हैं। जब तक हम उन्हें काम की आजादी नहीं देंगे तब तक वे चाहकर भी कुछ खास नहीं कर सकेंगी। चुनाव विश्वास से जीता जाता है और विश्वास जीतने के कई तौर-तरीके हो सकते हैं लेकिन राजनीति के शिखंडी प्रवेश से तो बचा ही जा सकता है। ईमानदारी, जिम्मेदारी, बहादुरी और कर्तव्यनिष्ठा के बल पर भी तो राजनीति की गाड़ी को गति दी जा सकती है। पराजित उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने भी द्रौपदी मुर्मू को जीत की बधाई दी है।

मगर उन्हें सचेत किया है कि वे निर्णय लेते वक्त अपने प्रबल विवेक का परिचय दें। दबाव में निर्णय न लें। देश के प्रथम नागरिक से इसी तरह के साहस की यह देश उम्मीद भी करता है।

# अमृत महोत्सव वर्ष में हिंदी को राष्ट्रभाषा बनने का सम्मान तो मिले

**संजीव ठाकुर**

**देश** की स्वतंत्रता के 75 साल गुजर जाने के बाद भी हिंदी भाषा को अभी तक राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं दिया गया है। राष्ट्रभाषा बनने के साथ-साथ इतनी समृद्ध शाली, ऐतिहासिक हिंदी भाषा को कम से कम देश के हर प्रांत को एकता के सूत्र में बांधने वाली जन भाषा होनी ही चाहिए। अलग-अलग प्रदेशों कि स्थानीय मूल बोलियों, भाषाओं का हम कतई विरोध नहीं करते पर हिंदी को भारत में कम से कम सर्वोच्च सम्मान देकर राष्ट्रभाषा होने का गौरव हासिल होना ही चाहिए साथ ही स्थानीय भाषाओं से ऊपर हिंदी को जन भाषा का यथोचित सम्मान प्राप्त होना हो।

यह अलग बात है कि भारत देश में अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती है और स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने 22 भाषाओं को संवैधानिक रूप से मान्यता प्रदान की है, पर हमारी हिंदी सर्वाधिक बोली जाने वाली तथा लिखी जाने वाली भाषा है। देश में हिंदी बोलने तथा पढ़ने वालों की संख्या लगभग 65 से 70 करोड़ है, यह भाषा की बहुलता ,विविधता ही है जिसके कारण भाषाई विवाद की स्थिति उभरी है, और सर्वाधिक नुकसान हिंदी को उठाना पड़ा है। वर्ष 2008 में विश्व हिंदी सम्मेलन न्यूयॉर्क (अमेरिका) में भारतीय साहित्यकारों, कवियों को चिंतकों ,प्रोफेसर, चिंतकों, पत्रकारों ने बड़े जोर शोर से संयुक्त राष्ट्र संघ की अधिकारिक भाषा बनाने हेतु मान्यता देने के लिए पुरजोर कोशिश की थी। कोशिश तो हमेशा ही की जानी चाहिए और यह बड़ी ही सार्थक पहल भी थी, पर इसके पूर्व भारत के हिंदी साहित्य के विद्वानों को हिंदी को पहले अपने देश में राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलवाने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने भी कहा है,

निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति के मूल।
बिनु निज भाषा ज्ञान के मिटत ना हिय को शूल।

देश में भाषाई विविधता के कारण हिंदी को सर्वाधिक नुकसान उठाना पड़ा है इसके अलावा कुछ स्वार्थी राजनीतिक के लोग नहीं चाहते कि हिंदी को सर्वोच्च सम्मान मिले और इसके लिए विभिन्न प्रकार के विरोध एवं आंदोलन भी करते रहे हैं, इसके अलावा लोगों को उकसा कर जन आंदोलन का रूप भी देने का प्रयास करते रहे हैं जो अत्यंत निंदनीय है। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में यह महसूस किया था कि हिंदी दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर सबसे ज्यादा लोगों की संपर्क भाषा थी। देश के विभिन्न भाषा भाषी लोग हिंदी भाषा में ही संपर्क कर के अपने संदेश तथा सूचना एक दूसरों को प्रदान किया करते थे,और हिंदी भाषा के संपर्क सूत्रों के चलते ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अथक मेहनत कर हिंदी की सहायता से स्वतंत्रता प्राप्त की थी। हिंदी की सार्वभौमिक स्थिति एवं बड़े समुदाय द्वारा बोले जाने वाली भाषा के रूप में स्थापित होने के बाद इसे राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया गया था। हिंदी एक व्यापक भाषा है जिस की लिपि देवनागरी होने के कारण अत्यंत सरल एवं आवश्यकता अनुसार दूसरी भाषाओं को और उनके शब्दों को बड़ी सुगमता से आत्मसात करने की क्षमता तथा विशालता है। हिंदी देशवासियों की भावनात्मक भाषा भी है इसका देश की एकता तथा अखंडता में एक का बड़ा योगदान रहा है। हिंदी एक बड़ी सक्षम तथा विशाल भाषा का दर्जा भी रखती है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा कि हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिस जिस ने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का बहिष्कार नहीं किया। 14 सितंबर 1949 को संविधान की सभा ने एकमत से हिंदी को भारत की राजभाषा बनाए जाने का निर्णय भी लिया इसीलिए भारत में हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का संकल्प लिया गया।

हिंदी दिवस मनाए जाने का एकमात्र उद्देश्य इसके व्यापक प्रचार-प्रसार एवं राजकीय प्रयोजनों में इसके ज्यादा से ज्यादा उपयोग को बढ़ावा देने का है। केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में देखा गया है कि वहां पर स्लोगन दीवारों पर लिखे गए हैं कि हिंदी का उपयोग लिखने एवं पढ़ने के लिए ज्यादा से ज्यादा करें।

# स्काउट्स एवं गाइड्स: अपने कार्य में मग्न

**डॉ उमेश**

**लगभग 5** करोड़ सदस्यों के साथ विश्व के सबसे बड़े वर्दीधारी संगठन के सदस्य जो अपने दूसरे स्काउट्स या गाईड के साथ बायें से बांया हाथ मिलाते हैं तथा दाहिने हाथ की तीन अंगुलियों से सैल्यूट कर अभिवादन करते हैं, पिछले 114 वर्षों से विश्वभर के 216 देशों में बहुत ही विनम्रता के साथ मौन तपस्वी की भांति अपने कार्य में मग्न है। चरैवेति-चरैवेति के सिद्धांत पर जाति-धर्म, क्षेत्र विवाद, राजनीति से अलग होकर बिना फल की इच्छा के कर्म करते जा रहे हैं। हाथ मिलाना दिल के सबसे करीब हाथ से किया जाता है और दोस्ती के प्रतीक के रूप में पेश किया जाता है। तभी बाएं हाथ का स्काउट हैंडशेक अन्य स्काउट्स एवं गाइड्स दोनों को बधाई देने का एक औपचारिक तरीका है और दुनिया भर के स्काउट और गाइड संगठनों के सदस्यों द्वारा इसका उपयोग किया जाता है । वर्तमान में स्काउट गाइड संगठन विश्व के 216 देशों और उपनिवेशों में संचालित है। स्काउटिंग एक आन्दोलन है जिसमें बच्चों से बड़ों तक की नैतिकता व योग्यता का विकास किया जाता है। स्काउटिंग आन्दोलन के जनक राबर्ट स्टिफेंस स्मिथ बैडन पावेल थे। भारत स्काउटिंग 1913 में ऐनी बेसेन्ट द्वारा प्रारम्भ करायी थी तब से यह भारत स्काउट व गाइड संस्था के नाम से जानी जाती है। स्काउटिंग की स्थापना 1909 और गाइडिंग की स्थापना 1911 में हुई थी। इसका उद्देश्य अच्छी नागरिकता का विकास करना है, जो हिस्सों में इस तरह वर्णित है।

पहला- चरित्र निर्माण, दूसरा ध्वनि स्वास्थ्य की आदतों का विकास, तीसरा- हस्तकला व कौशल का निर्माण और चौथा- कुशलता से सेवा की भावना का विकास करना।

स्काउट की कार्य-पद्धति प्रस्तुत चुनौतियों का समाधान खुले मैदान में आकर्षक खेलों के माध्यम से बहुत ही आसानी से निकाल लेती है। जिन्हें एक स्काउट स्वयं हल करना सीखता है।

## सीएसए टी20 लीग लांस क्लूजनर डरबन फ्रेंचाइजी के कोच बनें

**कोलकाता ।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व हरफनमौला लांस क्लूजनर को सीएसए (क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका) टी20 लीग की टीम डरबन फ्रेंचाइजी का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। इस लीग का



आयोजन अगले साल जनवरी और फरवरी में होगा। डरबन फ्रेंचाइजी का मालिकाना हक रखने वाले 'आरपीएसजी' समूह की ओर से जारी मीडिया विज्ञप्ति में क्लूजनर को कोच बनाने की घोषणा की गयी। दक्षिण अफ्रीका के लिए 49 टेस्ट और 171 एकदिवसीय खेल चुके क्लूजनर ने कहा, 'मेरे लिए यह नई चुनौती है। मैं इससे गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मुझे टीम से मिलने का इंतजार है।' क्लूजनर ने अतीत में अफगानिस्तान की राष्ट्रीय टीम को कोचिंग दी है। 'आरपीएसजी' समूह के पास इंडियन प्रीमियर लीग की टीम लखनऊ सुपरजायंट्स का भी स्वामित्व है।

## फ्रांसीसी क्रिकेटर ने बनाया बड़ा रिकॉर्ड, टी20 में शतक बनाने वाला सबसे युवा खिलाड़ी बना

**लीड्स।** फ्रांस के सलामी बल्लेबाज गुस्ताव मैकक्कॉन महज 18 साल और 280 दिन की उम्र में स्विट्जरलैंड के खिलाफ 61 गेंदों में 109 रन की पारी में खेलकर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने अपनी पारी के दौरान पांच चौके और नौ छक्के लगाए। मैकक्कॉन ने टी20 विश्व कप 2024 यूरोप उप-क्षेत्रीय क्वालीफायर में यह रिकॉर्ड बनाया।

टी20 विश्व कप 2024 यूरोप उप-क्षेत्रीय क्वालीफायर टूर्नामेंट में तीसरे मैच में मैकक्कॉन ने हजरतुल्लाह जजई के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ दिया जिसमें अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज ने 2019 में आयरलैंड के खिलाफ 62 गेंदों में नाबाद 162 रन बनाए थे। आईसीसी के अनुसार जजई ने 20 साल और 337 दिनों में टी20 इंटरनेशनल में शतक बनाया था।

**टी20 इंटरनेशनल में शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ियों की सूची**

गुस्ताव मैकक्कॉन - 18 साल 280 दिन, फ्रांस बनाम स्विट्ज़रलैंड, वांता, 2022

हजरतुल्लाह जजई - 20 साल 337 दिन, अफगानिस्तान बनाम आयरलैंड, देहरादून, 2019

शिवकुमार पेरियालवार - 21 साल 161 दिन, रोमानिया बनाम तुर्की, इलफोव काउंटी, 2019

ऑर्किड तुयइसेंगे, 21 साल 190 दिन, रवांडा बनाम सेशेल्स, किगाली, 2021

दीपेंद्र सिंह ऐरी, 22 साल 68 दिन, नेपाल बनाम मलेशिया, काठमांडू, 2022

शतक के बावजूद फ्रांस आखिरी गेंद पर अपने पड़ोसी स्विट्जरलैंड से हार गया जिन्होंने 158 रनों के लक्ष्य रखा था। स्विस कप्तान फहीम नजीर ने 46 गेंदों में 67 रनों के साथ शीर्ष क्रम का नेतृत्व किया जिसमें अली नैयर ने भी जीत में भूमिका निभाई। नैयर ने अंतिम तीन गेंदों में 12 रन बनाए, जिसमें अंतिम गेंद पर एक चौका भी शामिल था जिससे फ्रांस का दिल टूट गया।

## इंग्लैंड की महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को किया क्लीन स्वीप

**डर्बी ।** सोफी एक्लेस्टोन के ऑलराउंड खेल की मदद से इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को 38 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप करके राष्ट्रमंडल खेलों से पहले



अपनी पुख्ता तैयारियों का सबूत पेश किया। एक्लेस्टोन ने केवल 12 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 33 रन बनाए जिससे पहले बल्लेबाजी का फैसला करने वाली इंग्लैंड की टीम ने छह विकेट पर 176 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। एक्लेस्टोन ने इसके बाद चार ओवर में 24 रन देकर दो विकेट लिए और दक्षिण अफ्रीका को ताजमिन ब्रिट्स (59) के अर्धशतक के बावजूद छह विकेट पर 138 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। एक्लेस्टोन को मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। राष्ट्रमंडल खेल 28 जुलाई से बर्मिंघम में शुरू हो रहे हैं जिसमें पहली बार महिला टी20 क्रिकेट को शामिल किया गया है।

# भारत को लगा बड़ा झटका, स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों (कॉमनवेल्थ गेम्स) की शुरुआत 28 जुलाई से होने जा रही है। इससे दो दिन पहले भारत को बड़ा झटका लगा है। ओलंपिक चैंपियन जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर हो गए हैं। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के महासचिव राजीव मेहता ने इसकी पुष्टि की। राजीव मेहता ने बताया- मुझे आज सुबह भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा सूचित किया गया कि नीरज 100 प्रतिशत फिट नहीं हैं। उन्हें ग्रोइन इंजरी है और स्कैन के बाद उन्हें एक महीने के लिए आराम करने के लिए कहा गया है। नतीजतन, वह राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा नहीं लेंगे।



**वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीता था रजत पदक**

हाल ही में नीरज ने भारत को वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक दिलाया था। अंजू बॉबी जॉर्ज (2003) के बाद वह ऐसा करने वाले सिर्फ दूसरे एथलीट बने। फाइनल में नीरज ने 88.13 मीटर दूर तक भाला फेंका था और रजत पदक अपने नाम किया था।

**फाइनल में लगी थी चोट**

हालांकि, वह इसी टूर्नामेंट में चोटिल भी हो गए थे। वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जेवलिन फाइनल के दौरान नीरज चोपड़ा को चोट लगी थी। फाइनल में नीरज अपनी जांघ पर पट्टी लपेटते भी नजर आए थे। अब उसी चोट की वजह से नीरज कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा नहीं लेंगे।

24 वर्षीय एथलीट को गुरुवार को राष्ट्रमंडल खेलों के उद्घाटन समारोह के दौरान भारत का ध्वजवाहक बनना था। राजीव मेहता ने कहा है कि नए ध्वजवाहक पर फैसला आईओए के अन्य पदाधिकारियों से बात करने के बाद जल्द ही लिया जाएगा।

**चोट लगने पर नीरज का बयान**

नीरज ने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने के बाद कहा था- चौथे थ्रो के बाद मुझे जांघ में असहज महसूस हो रहा था। चौथे थ्रो के बाद मैं उतना जोर नहीं लगा पा रहा था, जितना मैं चाहता था। नीरज के इस बयान ने सभी देशवासियों की चिंता बढ़ा दी थी।

**अब रोहित यादव पर मेडल दिलाने की जिम्मेदारी**

नीरज का मैच पांच अगस्त को होना था। अब उनकी गैरमौजूदगी में भारत की उम्मीदें डीपी मनु और रोहित यादव से हैं। कॉमनवेल्थ गेम्स में जेवलिन थ्रो में अब यह दोनों ही भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**भारत को नीरज से काफी उम्मीदें थीं-** कॉमनवेल्थ में प्रतिस्पर्धा कम होती है और पदक जीतने की संभावना ज्यादा रहती है। ऐसे में नीरज चोपड़ा का स्वर्ण पदक जीतना तय माना जा रहा था, लेकिन उनके चोटिल होने पर भारत को एक पदक का नुकसान हुआ है। नीरज ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। वह भारत की ओर से सिर्फ दूसरे ऐसे एथलीट बने जिन्होंने व्यक्तिगत कैटेगरी में गोल्ड जीता हो। इसके बाद वर्ल्ड एथलेटिक्स में मेडल जीतने के बाद नीरज से काफी उम्मीदें थीं।

## खराब फॉर्म से गुजर रहे विराट कोहली को क्या आराम लेना चाहिए? रॉबिन उथप्पा ने जवाब

**मुंबई।** भारत के क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने कहा है कि जहां टी20 और टेस्ट क्रिकेट फलता-फूलता रहेगा वहीं एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गिरावट आई है क्योंकि यह अनुमान के मुताबिक हो गया है और कई बार यह नीरस हो जाता है। उथप्पा ने कहा, टी20 और टेस्ट क्रिकेट जारी रह सकता है।

चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ी जिनका 2007 आईसीसी टी20 विश्व कप के दौरान भारत की जीत में महत्वपूर्ण योगदान था, ने भी एक दिवसीय खेलों में उद्घाटन और समापन सत्र के महत्व पर चर्चा की और मौजूदा एकदिवसीय श्रृंखला में संजू सैमसन की विकेटकीपिंग क्षमताओं की सराहना की। भारत



ने मेजबान टीम (वेस्टइंडीज) के खिलाफ सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। क्या विराट कोहली को खेल से ब्रेक लेना चाहिए क्योंकि वह खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं? इस पर टिप्पणी करते हुए उथप्पा ने कहा, हमारे पास उनकी स्थिति या खेल जीतने की उनकी क्षमता पर सवाल उठाने का न तो अधिकार है और न ही कोई आधार है। उन्होंने कहा, वह (कोहली) मैच विजेता हैं और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ में से एक साबित हुए हैं। अनुभवी क्रिकेटर ने यह भी कहा कि भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह एक महान टेस्ट कप्तान होंगे। बुमराह ने हाल ही में एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ पुनर्निर्धारित पांचवें टेस्ट में भारत का नेतृत्व किया, जिसमें भारत को सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। उथप्पा ने कहा, मेरे अनुसार बुमराह टेस्ट क्रिकेट के लिए एक महान कप्तान होंगे। वनडे के लिए विकल्प केएल राहुल या ऋषभ पंत होंगे।

## डिकवेला का अर्द्धशतक, श्रीलंका ने बनाए 378 रन

**गॉल।** श्रीलंका ने ओशादा फर्नांडिस (50), दिनेश चांदिमल (80), और निरोशन डिकवेला (51) के अर्द्धशतकों की बदौलत पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में ऑल-आउट होने से पहले 378 रन बनाए।

श्रीलंका ने दूसरे दिन 315/6 के स्कोर से शुरुआत करते हुए अंतिम चार विकेट गंवाने से पहले 64 रन जोड़े। डिकवेला ने तेज खेलते हुए 54 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की बदौलत 51 रन



बनाए। इसके अलावा रमेश मेंडिस ने 35 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। नसीम शाह ने दिन की शुरुआत में क्रीज पर मौजूद बल्लेबाजों को बिना समय व्यर्थ किए छोटी गेंदों की भेंट चढ़ाया। इसके बाद यासिर शाह ने एक गुगली और एक फ्लिपर की मदद से अंतिम दो विकेट चटकाए। नसीम और यासिर ने कुल तीन-तीन विकेट लिए। मोहम्मद नवाज ने दो जबकि नौमान अली ने एक विकेट हासिल किया।

## सचिन तेंदुलकर ने पिता बनने पर कुणाल पांड्या और उनकी पत्नी को दी बधाई

**मुंबई।** क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने कुणाल पांड्या और उनकी पत्नी पंखुड़ी शर्मा को माता-पिता बनने पर बधाई दी है। भारत के हरफनमौला खिलाड़ी क्रुणाल पांड्या की पत्नी पंखुड़ी ने बेटे को जन्म दिया है जिसका नाम उन्होंने कवीर क्रुणाल पांड्या रखा है। कुणाल ने अपने ट्विटर पर तस्वीरें शेयर करते हुए अपने बेटे के नाम की घोषणा की। इसमें पंखुरी के साथ भारतीय ऑलराउंडर थे जो अपने बच्चे को अपने हाथों में पकड़े हुए थे। क्रुणाल ने कैप्शन में दिल वाले इमोजी के साथ लिखा, कवीर क्रुणाल पांड्या।

साथी खिलाड़ियों और क्रिकेट जगत से भारतीय खिलाड़ी को शुभकामनाएं मिल रही हैं। सचिन तेंदुलकर ने ट्विटर पर कुणाल और पंखुड़ी को बधाई देते हुए कहा, आप दोनों को बहुत-बहुत





बधाई! पितृत्व की यात्रा के लिए शुभकामनाएं। कवीर को भगवान का आशीर्वाद और ढेर सारा प्यार।

पूर्व क्रिकेट और वर्तमान संसद सदस्य हरभजन सिंह ने भी क्रिकेटर और उनकी पत्नी को बधाई देते हुए कहा, बधाई हो ... भगवान भला करे। हार्दिक पांड्या ने भी अपने भाई और भाभी को उनकी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लव यू बेबीज कहते हुए शुभकामनाएं दीं। हार्दिक के साथ कई अन्य भारतीय क्रिकेटरों और क्रुणाल के दोस्तों ने उन्हें इंस्टाग्राम पोस्ट पर शुभकामनाएं दीं। कुणाल ने दिसंबर 2017 में पंखुरी शर्मा के साथ शादी के बंधन में बंधे थे। पंखुरी को अकसर भारत और इंडियन प्रीमियर लीग मैचों के दौरान क्रुणाल को चीयर करते हुए स्टेडियम में देखा गया है। दूसरी और क्रुणाल ने आखिरी बार जुलाई 2021 में श्रीलंका के खिलाफ भारत का प्रतिनिधित्व किया था। ऑलराउंडर ने इंग्लैंड के खिलाफ 2018 में पदार्पण करने के बाद 5 एकदिवसीय और 19 टी20 खेले हैं। वह अगले महीने वार्विकशायर के लिए काउंटी क्रिकेट खेलते नजर आएंगे।

## लवलीना के ट्वीट से हड़कंप, खेल मंत्री मामले पर रख रहे नजर, कोच गुरुंग ने कही ये बात

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन के ट्वीट ने देश में हड़कंप मचा कर रखा दिया है। दरअसल, रविवार की रात मुख्य खेल गांव कॉमनवेल्थ गेम्स बर्मिंघम (सीजीबी) के वेलकम सेंटर में आयरलैंड से पहुंची पूरी भारतीय बॉक्सिंग टीम को मान्यता कार्ड जारी कर दिए गए, लेकिन लवलीना की कोच संध्या गुरुंग का कार्ड नहीं बना। नतीजन उन्हें नजदीक के ही एक होटल में ठहराना पड़ा। सोमवार की सुबह लवलीना को तैयारी कराने के लिए संध्या खेल गांव के मुख्य द्वार पर पहुंचीं, लेकिन उनके पास मान्यता कार्ड नहीं होने के चलते उन्हें सिक्योरिटी गार्ड ने खेल गांव में नहीं घुसने दिया। इसके बाद लवलीना ने ट्वीट कर बताया इसकी शिकायत कि उनके कोच को बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के लिए खेल गांव में एंट्री नहीं दी जा रही है, जबकि आठ दिन बाद राष्ट्रमंडल खेलों में उनका मुकाबला है। ऐसे में लवलीना की तैयारी बाधित हो रही है। लवलीना के इस ट्वीट ने मैनेजमेंट पर सवाल खड़े कर दिए।इसके बाद भारतीय खेल मंत्रालय ने एक्शन लेते हुए इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन से बातचीत की है। खेल मंत्रालय ने आईओए को मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने के लिए कहा है।

## मिताली राज ने दिया क्रिकेट में वापसी का संकेत, पिछले महीने लिया था संन्यास

**नई दिल्ली ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने महिला इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के उद्घाटन सत्र के जरिये क्रिकेट में वापसी का अंदेशा दिया है। मिताली ने आईसीसी की पोडकास्ट पर कहा, 'मैंने उस विकल्प (महिला आईपीएल) को खुला रखा है। मैंने अभी तक कोई फैसला नहीं किया है। अभी महिला आईपीएल के आयोजन में कुछ समय बाकी है। उसके पहले सत्र का हिस्सा बनना मजेदार होगा।

उल्लेखनीय है कि बहुप्रतीक्षित महिला आईपीएल की शुरुआत अगले वर्ष होनी है। मिताली ने पिछले महीने अपने 23 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर पर विराम लगा दिया था। मिताली ने कहा, 'मुझे लगा था कि इससे (रिटायरमेंट से) मेरे जीवन की रफ्तार कम हो जाएगी। मुझे अपने दिन, हफ्ते या अगली श्रंखला की योजना नहीं बनानी होगी। जब मैंने सन्यास लेने की घोषणा की, तब मैं कोरोना संक्रमित थी। जब मैं



उससे उबरी तो फिल्म (मिताली की बायोपिक 'शाबाश मिठू') के प्रोमोशन में व्यस्त हो गई।'

उन्होंने कहा, 'फिलहाल जीवन उतना ही व्यस्तता भरा है जितना कि एक खिलाड़ी के रूप में था। मेरी जीवनशैली में अभी तक कोई बदलाव नहीं आया है। हो सकता है कि जब ये सभी चीजें खत्म हो जाएं, तो शायद मुझे इस बात का फर्क महसूस होगा कि सन्यास लेने के बाद क्या होता है।' मिताली ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 232 मैच खेलकर 50 से ज्यादा की औसत से 7805 रन बनाए। उन्होंने 89 टी20 मैचों में 2364 रन जोड़े, जबकि 12 टेस्ट मैचों में 699 रन बनाए।

## राष्ट्रमंडल खेलों की टीम में शामिल एक और ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ी डोप परीक्षण में फेल

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रमंडल खेलों के लिए महिला चार गुणा 100 मीटर रिले टीम में शामिल एक खिलाड़ी को प्रतिबंधित ड्रग के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद भारतीय टीम से बाहर किया जाना लगभग तय है। कोई भी अधिकारी डोपिंग की दोषी पाई गई खिलाड़ी का नाम जाहिर करने को तैयार नहीं है। एक शीर्ष सूत्र ने विस्तार से जानकारी दिए बगैर बताया, 'राष्ट्रमंडल खेलों के लिए जाने वाली रिले टीम की एक सदस्य पॉजिटिव पाई गई है और उसे हटाया जाएगा।

डोपिंग के इस नवीनतम नतीजे के बाद महिला चार गुणा 100 मीटर रिले टीम में सिर्फ चार सदस्य बची हैं। अगर बाकी बची चार सदस्यों में से कोई चोटिल होता है तो अन्य ट्रैक स्पर्धाओं से किसी को उतारा जा सकता है लेकिन ऐसी स्थिति में टीम का प्रदर्शन प्रभावित होगा। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने शुरुआत में 37 सदस्यीय भारतीय एथलेटिक्स टीम में दुती चंद, हिमा दास, श्रावणी नंदा, एनएस सिमी, एस धनलक्ष्मी और



एमवी जिल्ना को चुना था। लेकिन बाद में जिल्ना को टीम से हटा दिया गया क्योंकि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को सिर्फ 36 खिलाड़ियों का कोटा मिला। धनलक्ष्मी के डोप परीक्षण में विफल रहने पर हालांकि बाद में जिल्ना को टीम में शामिल किया गया। कथित तौर पर डोपिंग की दोषी पाई गई खिलाड़ी को देर से टीम में शामिल किया गया लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। इससे पहले शीर्ष धाविका एस धनलक्ष्मी और त्रिकूद की ऐश्वर्या बाबू को प्रतिबंधित पदार्थ के लिए दो पॉजिटिव नतीजों के बाद भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था। धनलक्ष्मी प्रतियोगिता के इतर दो परीक्षण में पॉजिटिव पाई गई जबकि ऐश्वर्या प्रतियोगिता के दौरान दो परीक्षण में विफल रहीं।

धनलक्ष्मी के नमूने में एनाबोलिक स्टेरॉयड पाया गया जबकि चेन्नई में 13 और 14 जून को राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैंपियनशिप में लिए गए ऐश्वर्या के नमूनों में ओस्टेरिन पाया गया था। इस बीच पैरा चक्का फेंक खिलाड़ी अनीश कुमार और पैरा पावर लिफ्टर गीता भी प्रतिबंधित पदार्थों के लिए पॉजिटिव पाए गए। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अधिकारियों ने प्रतियोगिता के इतर नमूने एकत्रित किए। गीता एनाबोलिक स्टेरॉयड के पॉजिटिव पाई गई जबकि अनीश के नमूने में डाइयुरेटिक और मास्किंग एजेंट (प्रतिबंधित पदार्थ को परीक्षण में छिपाने वाले तत्व) हाइड्रोक्लोरोथियाजिड मिला। गीता को अस्थाई रूप से निलंबित किया गया है और राष्ट्रमंडल खेलों की टीम से बाहर कर दिया गया है। दूसरी तरफ अनीश के राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेने की संभावना है क्योंकि उन्हें अस्थाई रूप से निलंबित नहीं किया गया है। हाइड्रोक्लोरोथियाजिड वाडा संहिता के तहत विशिष्ट पदार्थ है। विशिष्ट पदार्थों के लिए अस्थाई रूप से निलंबित किया जाना अनिवार्य नहीं है।

भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अनुसार अनीश के नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ मिला क्योंकि उन्होंने रक्तचाप की दवा ली थी। उन्होंने हालांकि उपचार के लिए छूट (टीयूई) के लिए आवेदन नहीं किया था। उन्होंने बताया कि अनीश को भेजे नाडा के पत्र में कहा गया है कि वह नौ अगस्त तक स्पष्टीकरण दे सकते हैं कि यह पदार्थ उनके शरीर में कैसे आया।

सूत्र ने कहा, 'अनीश ने नाडा को सूचित किया है कि रक्तचाप के लिए ली गई दवा के कारण उनके नमूने में यह पदार्थ पाया गया। उन्होंने कहा, 'उसे अस्थाई निलंबित नहीं किया गया है, हम उम्मीद कर रहे हैं कि उसे राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेने की स्वीकृति मिलेगी। हालांकि गीता राष्ट्रमंडल खेलों के लिए नहीं जा पाएगी।

## नवदीप सैनी का कैंट की तरफ से शानदार प्रदर्शन, 45 रन देकर चटकाए 3 विकेट

**मैनचेस्टर।** भारतीय तेज गेंदबाज नवदीप सैनी ने कैंट की तरफ से काउंटी चैंपियनशिप मैच में लंकाशर के खिलाफ बारिश से प्रभावित पहले दिन 45 रन देकर तीन विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया। बारिश के कारण पहले दिन केवल 34.2 ओवर का खेल ही हो पाया। सैनी ने 11 ओवर में 45 रन देकर तीन विकेट लिए। लंकाशर ने दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 112 रन बनाए थे।

भारतीय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर छह रन जबकि कप्तान स्टीवन क्राफ्ट 21 रन बनाकर खेल रहे थे। सैनी ने सलामी बल्लेबाज ल्यूक वेल्स (35), कीटन जेनिंग्स और रॉब जोंस के विकेट लिए। जोंस को सैनी ने पहली गेंद पर पगबाधा आउट किया। सैनी ने पांचवी और छठी गेंद पर विकेट लिए लेकिन क्राफ्ट ने उनकी हैट्रिक नहीं बनने दी। जहां तक भारतीय टीम का सवाल है तो सैनी अभी टीम से बाहर हैं। इंग्लैंड के खिलाफ इस महीने के शुरू में बर्मिंघम में हुए पांचवें टेस्ट मैच से पहले वह नेट गेंदबाज के रूप में भारतीय टीम के साथ थे। भारत की तरफ से अगस्त 2019 में टी20 क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 29 वर्षीय सैनी अभी तक प्रत्येक पर प्रारूप में राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्होंने पिछले सप्ताह कैंट की वारविकशर के खिलाफ 177 रन की जीत में सात विकेट लिए थे। इनमें पहली पारी में लिए गए पांच विकेट भी शामिल हैं।

# विदेश संदेश

## सुप्रीम कोर्ट का पंजाब के सीएम के चुनाव के मामले में पूर्ण पीठ गठित करने से इनकार

**इस्लामाबादः** पंजाब के मुख्यमंत्री के विवादास्पद चुनाव से जुड़े एक केस की सुनवाई के लिए पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने पूर्ण पीठ गठित करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस मुद्दे पर फैसला करने से पहले उसे और दलीलें सुननी होंगी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 63-ए की व्याख्या से जुड़े महत्वपूर्ण मामले के बारे में याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट से एक पूर्ण पीठ गठित करने का आग्रह किया था। इन मामलों में यह सवाल भी निहित है कि क्या किसी विधायक को महत्वपूर्ण मुद्दों पर मतदान करने से पहले पार्टी प्रमुख के आदेशों का पालन करना चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश उमर अता बंदियाल, न्यायमूर्ति इजाजुल अहसन और न्यायमूर्ति मुनीब अख्तर की तीन सदस्यीय शीर्ष अदालत की पीठ चौधरी परवेज इलाही द्वारा दायर मुख्य याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जो मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार थे। इलाही को पंजाब प्रांत की विधानसभा में 186 मत मिले थे जबकि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रत्याशी हमजा शहबाज को 179 वोट प्राप्त हुए थे लेकिन सदन के उपाध्यक्ष दोस्त मोहम्मद मज़ारी ने इलाही की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-कायद (पीएमएल-क्यू) के विधायकों के वोट खारिज कर दिए।

पीएमएल-क्यू के प्रमुख चौधरी शुजात हुसैन ने अपनी पार्टी के विधायकों को हमज़ा को वोट देने की हिदायत दी थी जो प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ के बेटे हैं। इस वजह से मज़ारी ने पीएमएल-क्यू के मतों की गिनती कराने से इनकार कर दिया। पंजाब प्रांत में अप्रैल से ही राजनीतिक उथल-पुथल चल रही है। इसने शुक्रवार को तब नया मोड़ ले लिया जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने इलाही को अपना समर्थन दे दिया। हालांकि उन्हें विजेता घोषित नहीं किया गया।

## अफगानिस्तान की स्थिति पर ताशकंद में शुरू हुआ दो दिवसीय सम्मेलन, भारत ने 20 देशों के साथ की चर्चा

**ताशकंदः** उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया है। इसके पहले दिन भारत ने सोमवार को करीब 20 देशों के साथ अफगानिस्तान की स्थिति पर चर्चा में शामिल हुआ। सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ राजनयिक जेपी सिंह ने किया। गौरतलब है कि जेपी सिंह अफगानिस्तान के लिए विदेश मंत्रालय के प्वाइंट पर्सन हैं।

पिछले हफ्ते उज्बेकिस्तान ने इसकी जानकारी दी थी। उसने कहा था कि इस बैठक का उद्देश्य अफगानिस्तान में स्थिरता, सुरक्षा, संघर्ष के बाद के पुनर्निर्माण को बढ़ावा देने के लिए विश्व समुदाय के दृष्टिकोण के लिए उपाय तलाशना है। साथ ही इस सम्मेलन के उद्देश्य आतंकवाद का मुकाबला करने में विश्व समुदाय द्वारा एक आम स्थिति बनाने के साथ ही काबुल और अफगानिस्तान के पड़ोसी देशों के बीच में मौजूदा सरकार के बीच रचनात्मक बातचीत सुनिश्चित करना शामिल है। उज्बेकिस्तान ने बताया था कि मध्य और दक्षिण एशिया, यूरोप, मध्य-पूर्व और एशिया-प्रशांत क्षेत्र सहित दुनिया के कई हिस्सों के प्रतिनिधि अफगान मुद्दे का समाधान खोजने के लिए विचार-विमर्श में भाग लेंगे। वहीं, भारत भी अफगानिस्तान की स्थिति पर कई प्रमुख शक्तियों के संपर्क में है। पिछले महीने, भारत ने अफगान राजधानी में अपने दूतावास में एक तकनीकी टीम को तैनात करके काबुल में अपनी राजनयिक उपस्थिति को फिर से स्थापित किया है। गौरतलब है कि पिछले साल अगस्त में तालिबान के सत्ता पर कब्जा करने के बाद भारत ने दूतावास से अपने अधिकारियों को वापस बुला लिया था। इसके बाद हाल ही में दूतावास को फिर से खोलने के कुछ हफ्ते बाद जेपी सिंह के नेतृत्व में एक भारतीय टीम काबुल गई थी। टीम ने वहां मुत्ताकी और तालिबान के कुछ अन्य सदस्यों से मुलाकात भी की थी। जिसके बाद तालिबान ने भारतीय टीम को आश्वासन दिया था कि अगर भारत अपने अधिकारियों को काबुल में दूतावास भेजता है तो पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी।

## संयुक्त राष्ट्र दफ्तर और अस्पताल में हमला, भारतीय सेना ने रोका लूट का प्रयास, यूएन कर्मियों को बचाया

**किंशासाः** भारतीय सेना ने कहा कि कांगो में उसके संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों ने असैन्य सशस्त्र समूहों द्वारा परिचालन ठिकानों, अस्पताल में लूटपाट के प्रयासों को विफल कर दिया गया है। सेना के अधिकारियों ने कहा कि उसके शांति सैनिकों ने संयुक्त राष्ट्र के आदेश और नियमों के अनुसार सख्त कार्रवाई की है। सेना के अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सैनिकों ने संयुक्त राष्ट्र कर्मियों और उन स्थानों पर संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की, जहां उन्हें तैनात किया गया था। अधिकारियों ने कहा कि ऐसी खबरें हैं कि संयुक्त राष्ट्र के कुछ अन्य कार्यालय परिसरों में तोड़फोड़ की गई है।

# रूस-यूक्रेन जंग को छठा माह शुरू, यूक्रेनी हमले में रूसी गोला-बारूद के 50 डिपो नष्ट

**कीव।** रूस-यूक्रेन युद्ध के छठे माह में प्रवेश करने के बीच यूक्रेनी बलों ने कहा कि उसने रूसी सेनाके 50 गोला-बारूद डिपो नष्ट कर दिए हैं। उसने कहा, यह कार्रवाई अमेरिका से मिले हिमारस रॉकेट प्रणाली का इस्तेमाल करते हुए की गई। अमेरिका ने जून माह में यूक्रेन को ये हथियार दिए थे। राष्ट्रीय टीवी पर यूक्रेन के रक्षामंत्री ओलेक्सी रेजनिकोव ने कहा, अमेरिका से आए उच्च गतिशीलता वाले आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम एचआईएमएआरएस (हिमारस) ने बेहतर प्रदर्शन किया और रूस को बचाव का मौका नहीं दिया।

फिलहाल रूस ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। रेजनिकोव ने कहा, यूक्रेनी तोपखाने ने कई पुलों पर सटीक हमले किए। स्थानीय कब्जे वाले अधिकारियों ने बताया कि पिछले सप्ताह हिमारस ने खेरसॉन क्षेत्र में नदी के पास कई हमले किए थे। इस बीच यूक्रेन ने एक वीडियो भी जारी किया जिसमें रूसी एंटी-एयर डिफेंस एस-300 की बैटरी नष्ट करने का दावा किया गया। वीडियो में कई जले हुए मलबे दिखाई दे रहे हैं। यूक्रेनी सेना की फेसबुक पोस्ट में दावा किया



गया कि यह सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली की बैटरी थी।

**सोवियत काल ही हैं एस-300 मिसाइलें**

इस लंबे युद्ध में हालात यह हैं कि रूसी सेना अब अपनी सतह से हवा में मार करने वाली एस-300 मिसाइलों का इस्तेमाल यूक्रेन के जमीनी ठिकानों पर हमले के लिए कर रही है। सोवियत जमाने की एस-300 मिसाइलें सबसे पहले साल 1979 में तैनात की गई थीं। इन मिसाइलों को सोवियत वायु रक्षा बलों के लिए हवाई हमले से बचाव और क्रूज मिसाइलों से निपटने के लिए बनाया था। जबकि अमेरिकी मदद से यूक्रेन इन्हें नष्ट कर रहा है।

**रूस के खिलाफ युद्ध अपराध के आरोप तेज**

रूस द्वारा इस्तेमाल की गई एस-300 मिसाइलों को एक खास विस्फोटक से लैस किया गया था।

ये मिसाइलें जिस जगह भी गिरीं उसके आसपास सब कुछ नष्ट हो गया। इन मिसाइलों के इस्तेमाल से अब रूस के खिलाफ युद्ध अपराध के आरोप तेज होते जा रहे हैं।

## वाघा सीमा, हवाई अड्डे और करतारपुर सीमा पर पाकिस्तानी निगरानी, भारत से जाने वाले यात्रियों पर नजर

**इस्लामाबाद।** भारत में कोरोना संक्रमण वृद्धि के चलते पाकिस्तान में हवाई या भूमि मार्ग से पहुंचने वाले सभी प्रवेश मार्गों पर भारतीयों की निगरानी की जाएगी। इसमें करतारपुर गलियारा भी शामिल है। मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई।

दिल्ली में स्वास्थ्य मंत्रालय के जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत में एक दिन में संक्रमण के 16,866 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,39,05,621 हो गई। देश में 168 दिन बाद दैनिक संक्रमण दर सात प्रतिशत के पार पहुंच गई है। पाकिस्तानी स्वास्थ्य मंत्री कादिर पटेल के निर्देश पर स्वास्थ्य विज्ञान निदेशालय ने एक




परिपत्र जारी किया है। अल्लामा इकबाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने भारतीय यात्रियों की निगरानी के लिए प्रबंध कर लिए हैं। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रवेश के सभी मार्गों पर भारतीय यात्रियों की निगरानी की जाएगी। इनमें हवाई अड्डे, वाघा-अटारी सीमा और अमन गलियारा करतारपुर गुरुद्वारा भी शामिल है।

**पाकिस्तान में संक्रमण दर 2.69 फीसदी**

पाकिस्तान के राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान की ओर से रविवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, समूचे पाकिस्तान में संक्रमण दर बढ़कर 2.69 प्रतिशत हो गई है। देश में 24 घंटे में कोविड-19 से संबंधित जटिलताओं के कारण तीन लोगों की जान गई है। उसने बताया कि इस अवधि में 532 मामले मिले हैं।

## जापान में ज्वालामुखी विस्फोट के कारण खाली कराए गए शहर

**टोक्योः** जापान के मुख्य दक्षिणी द्वीप क्यूशू में एक ज्वालामुखी में विस्फोट के कारण उससे सटे दो शहरों को खाली करा लिया गया है और दर्जनों लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। ज्वालामुखी में विस्फोट के कारण रात के समय राख और बड़े-बड़े पत्थर निकलते दिखे। कागोशिमा के दक्षिणी प्रान्त में रविवार रात सकुराजिमा ज्वालामुखी से 2.5 किलोमीटर (1.5 मील) दूर बड़ी चट्टानें गिरीं। जापान के सार्वजनिक टेलीविजन 'एनएचके' के फुटेज में क्रेटर के पास नारंगी रंग की लपटें उठती दिख रही हैं और पहाड़ की चोटी के ऊपर राख के साथ गहरा धुंआ दिखाई दे रहा है। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने विस्फोट की चेतावनी को पांच के उच्चतम स्तर तक बढ़ा दिया और ज्वालामुखी विस्फोट के कारण दो शहरों में 51 निवासियों को अपने घर छोड़ने की सलाह दी। कागोशिमा शहर की खबर के अनुसार, सुबह तक उनमें से 33 ने क्षेत्र के एक सुरक्षित स्थान पर शरण लेने के लिए अपने-अपने घरों को छोड़ दिया। एनएचके ने कहा कि अन्य लोगों को दूसरे स्थानों पर पहुंचाया जा सकता है। उप मुख्य कैबिनेट सचिव योशीहिको इसोजाकी ने संवाददाताओं से कहा, ''हम लोगों की जान बचाने को वरीयता देंगे और स्थिति का आकलन करने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अपनी पूरी कोशिश करेंगे।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति सचिवालय में 107 दिनों बाद कामकाज शुरू, सिंगापुर में राजपक्षे के खिलाफ शिकायत

**कोलंबो।** श्रीलंकाई राष्ट्रपति सचिवालय में 107 दिनों के बाद से कामकाज फिर शुरू हो गया। देश में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के चलते राष्ट्रपति सचिवालय के प्रवेश द्वार को नौ अप्रैल को बंद कर दिया गया था। इसके बाद नौ जुलाई को प्रदर्शनकारियों ने सचिवालय में जबरन प्रवेश कर उस पर कब्जा कर लिया था।

संकटग्रस्त देश के नए राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के आदेश पर गत शुक्रवार को पुलिस और सुरक्षाबलों ने छापेमारी की और प्रदर्शनकारियों को हटाकर इमारत को अपने कब्जे में ले लिया था। अब यह सचिवालय उसके कर्मचारियों के लिए खोल दिया गया है। सुरक्षाबलों ने सचिवालय के सामने गाले रोड को यातायात के लिए पहले ही खोल दिया था। विक्रमसिंघे ने कहा, वह शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को समर्थन देंगे, लेकिन उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी जो शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन की आड़ में हिंसा को बढ़ावा देने की कोशिश करेंगे।

**राष्ट्रपति आवास से चुराया सामान बेच रहे तीन गिरफ्तार**



श्रीलंका की पुलिस ने यहां राष्ट्रपति भवन से चोरी किए गए सोने की परत वाले पीतल के 40 सॉकेट बेचने की कोशिश कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। यह सामान प्रदर्शनकारियों के राष्ट्रपति आवास में घुसने के दौरान चोरी किया गया। ये सॉकेट खिड़कियों पर पर्दे लटकाने के लिए दीवार पर लगाए गए थे।

**सिंगापुर में राजपक्षे के खिलाफ युद्ध अपराध की शिकायत**

दक्षिण अफ्रीका के एक अधिकार समूह ने सिंगापुर के अटार्नी जनरल को एक आपराधिक शिकायत सौंपी है। इसमें श्रीलंकाई पूर्व राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे को कथित युद्ध अपराधों के लिए गिरफ्तार करने का अनुरोध किया गया है। इसमें तर्क दिया गया कि 2009 में गृहयुद्ध के दौरान, जब राजपक्षे रक्षामंत्री थे, उन्होंने जिनेवा सम्मेलनों का गंभीर उल्लंघन किया था।

## भारत को छोड़ ज्यादातर बड़े देशों पर पड़ेगी मंदी की मार, बाइडन बोले- हम मंदी के दौर में नहीं जा रहे

**वाशिंगटन।** महंगाई के मोर्चे पर लगातार बढ़ रही चुनौती को लेकर दुनिया के ज्यादातर देश चिंतित हैं। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने दावा किया है कि अमेरिका में मंदी का दौर नहीं आने जा रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा, मेरे विचार में, हम अभी मंदी के दौरा में नहीं जा रहे हैं। बाइडन ने आगे कहा, अमेरिका में बेरोजगारी दर अभी भी इतिहास में सबसे कम है। यह मात्र 3.6 फीसदी क्षेत्र में है। हम अभी भी खुद को निवेश करने वाले लोगों के साथ पाते हैं...

जो बाइडन ने कहा, मेरी आशा है कि हम इस तीव्र विकास से स्थिर विकास की ओर बढ़ेंगे, इसलिए हमारी अर्थव्यवस्था कुछ नीचे आती दिखेगी। यह भगवान की इच्छा है, मुझे नहीं लगता कि हम मंदी का दौर देखने जा रहे हैं।

**भारत को छोड़ ज्यादातर बड़े देशों पर पड़ेगी मंदी की मार**

भारत को छोड़कर अमेरिका और चीन जैसे दुनिया के ज्यादातर बड़े देशों में मंदी की आशंका गहराती जा रही है।



आर्थिक संकेतकों के आधार पर ब्लूमबर्ग की ओर से दुनियाभर के अर्थशास्त्रियों के बीच कराए गए सर्वे में दावा किया गया है, पहले से ही आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहे कई एशियाई देश भी मंदी की चपेट में आ सकते हैं।

सर्वे के मुताबिक, चीन के मंदी में फंसने की आशंका 20 फीसदी है। अमेरिका की 40 फीसदी व यूरोप की 55 फीसदी है। अर्थशास्त्रियों ने कहा कि महंगाई पर काबू पाने के लिए दुनिया के केंद्रीय बैंक ब्याज दरें बढ़ा रहे हैं। इससे मंदी की आशंका बढ़ गई है। एशियाई अर्थव्यवस्थाएं यूरोप और अमेरिका के बजाय ज्यादा लचीली नजर आ रही हैं। मोटे तौर पर एशियाई देशों के मंदी में घिरने की आशंका 20 से लेकर 25 फीसदी है।

**छोटे देशों में खतरा कम**

| | |
|---|---|
| न्यूजीलैंड | 33 फीसदी |
| द.कोरिया | 25 फीसदी |
| जापान | 25 फीसदी |
| हांगकांग | 20 फीसदी |
| ऑस्ट्रेलिया | 20 फीसदी |
| ताइवान | 20 फीसदी |
| पाकिस्तान | 20 फीसदी |
| मलयेशिया | 13 फीसदी |
| वियतनाम | 10 फीसदी |
| थाईलैंड | 10 फीसदी |
| फिलीपीन | 08 फीसदी |
| इंडोनेशिया | 03 फीसदी |

**श्रीलंका पर सबसे ज्यादा 85 फीसदी संकट**- सर्वे में दावा किया गया है कि श्रीलंका इस संकट से सबसे बुरी तरह प्रभावित होगा। साल के आखिर में या अगले साल तक इस बात की 85 फीसदी आशंका है कि यह मंदी से जूझ रहा होगा।

## कनाडा में बंदूकधारी समेत तीन की मौत

**लैंगली (ब्रिटिश कोलंबिया)** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में सोमवार तड़के सिलसिलेवार गोलीबारी में संदिग्ध बंदूकधारी समेत तीन लोगों की मौत हो गई है। लैंगली शहर में बेघर लोगों पर गोलीबारी के बाद आपातकालीन अलर्ट जारी किया गया था और निवासियों को क्षेत्र से दूर रहने की सलाह जारी की थी। स्थानीय रॉयल कैनेडियन माउंटेन पुलिस बल के मुख्य अधीक्षक गालिब भयानी ने कहा कि हम तेजी से गोलीबारी के मामले सभी मामले की जांच कर रहे हैं जिसमें दो लोगों की मौत हो गई है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## युद्ध में न रूस जीता, न यूक्रेन हारा, पांच माह में श्मशान बन गए कई शहर

**कीव।** रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद छिड़ा युद्ध सोमवार को छठे महीने में प्रवेश कर गया। इस दौरान न रूस जीत पाया और न यूक्रेन हार पाया है। रशियन सेना ने यूक्रेन में भारी तबाही मचाई है। उसके कई शहर श्मशान बन गए हैं। रूस की सेना ने अब सतह से हवा में मार करने वाली एस-300 मिसाइलों से हमला शुरू कर दिया है।

इस बीच यूक्रेनी बलों ने कहा कि उन्होंने रूसी सेना के 50 गोला-बारूद डिपो नष्ट कर दिए हैं।

यह कार्रवाई अमेरिका से मिले हिमारस रॉकेट प्रणाली का इस्तेमाल करते हुए की गई। अमेरिका ने जून में यूक्रेन को ये हथियार दिए थे। राष्ट्रीय टीवी पर यूक्रेन के रक्षामंत्री ओलेक्सी रेजनिकोव ने कहा है अमेरिका से आए उच्च गतिशीलता वाले आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम ने बेहतर प्रदर्शन किया और रूस को बचाव का मौका नहीं दिया। फिलहाल रूस ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। रेजनिकोव ने कहा है कि यूक्रेन की तोपों ने कई पुलों पर सटीक हमले किए। इधर, यूक्रेन ने एक वीडियो भी जारी किया है। इसमें रूसी एंटी-एयर डिफेंस एस-300 की बैटरी नष्ट करने का दावा किया गया।

## जर्मनी से वायु रक्षा प्रणाली की पहली खेप पहुंची यूक्रेन

**कीव।** जर्मनी ने अपना वादा निभाते हुए यूक्रेन की सामरिक मदद की है। यूक्रेन के रक्षामंत्री ओलेक्सी रेजनिकोव ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा है कि जर्मनी से पहली गेपर्ड वायु रक्षा प्रणाली की पहली खेप युद्धग्रस्त देश में पहुंच गई है।

उक्रेइंस्का प्रावदा ने सोमवार को रक्षामंत्री के हवाले से कहा- 'हमें हजारों राउंड गोला-बारूद मिले हैं।' हम 15 गेपर्ड की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उनमें से तीन आज यूक्रेन पहुंच चुके हैं। ये विमान-रोधी प्रणाली है। इसके लिए हमें दसियों हजार राउंड गोला-बारूद मिले हैं। यूक्रेन के रक्षामंत्री ओलेक्सी रेजनिकोव ने इस संबंध में जर्मनी के आभार के लिए बकायदा ट्वीट किया है।

उल्लेखनीय है कि इस महीने की शुरूआत में जर्मनी ने हथियारों की एक आधिकारिक सूची की घोषणा की थी, जिसमें 30 गेपर्ड वायु रक्षा प्रणाली को यूक्रेन भेजने की योजना थी।

## चीन के 1.5 करोड़ युवा बेरोजगारःसरकारी नीतियों के कारण कई संस्थानों में हुई छंटनी; इंजीनियरिंग की डिग्री वाले सरकारी दफ्तरों में बन रहे बाबू

**बीजिंग।** चीन में 16 से 24 साल के युवाओं में बेरोजगारी तेजी से बढ़ रही है। 2022 में हुई कई रिसर्च में यह डेटा सामने आया कि इंजीनियरिंग की डिग्री वाले युवा अब सरकारी दफ्तरों में बाबू बनने के लिए मजबूर हैं। करीब 1.5 करोड़ युवाओं ने सरकारी नौकरी के लिए आवेदन दिए हैं।

विश्व की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में चीन में बेरोजगारी दर ज्यादा है। यहां बेरोजगारी की दर 19.3त्न हैं, जबकि अमेरिका में बेरोजगारी दर इसके आधी ही है। संभावना है कि इस साल चीन में नौकरी के क्षेत्र में आने वाले नए डिग्री होल्डर छात्रों की संख्या 1.2 करोड़ है।

**सरकार की कड़ी नीतियों से कई कंपनियों में छंटनी हुई**

कोरोना के समय सरकार की कड़ी नीतियों से कई कंपनियों में कर्मचारियों की छंटनी हुई। इससे कई लोग सड़क पर आ गए। वहीं, रियल एस्टेट और शिक्षा से जुड़ी



कंपनियों पर भी सरकार नीतियों का असर पड़ा है।

**पैसा निकालने से रोकने के लिए बैंकों के गेट पर सेना तैनात**

हालही में चीन में कई बैंकों से पैसे निकालने पर रोक लगा दी गई है। बैंक ऑफ चाइना का कहना है कि यहां जमा पैसा एक निवेश है। इसे निकाला नहीं जा सकता। इस फैसले के खिलाफ चीन में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। चीन की कम्युनिस्ट सरकार ने भारी संख्या में सेना के टैंकों को सड़कों पर उतार दिया है, ताकि लोगों को पैसा निकालने से रोका जाए। इसी मामले में 10 जुलाई को हेनान के झोंगझोऊ में बैंक ऑफ चाइन की ब्रांच के सामने 1000 से ज्यादा प्रदर्शनकारी इकट्ठा हुए थे और जोरदार प्रदर्शन किया था।

**चीनी प्रोफेसर का दावा, 2022 का साल चीन की अर्थव्यवस्था के लिए सबसे खराब**

कुछ ही दिनों पहले वायरल हुए एक वीडियो में बीजिंग की सिंघुआ यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर झेंग युहुआंग ने कहा था कि 2022 चीन के लिए मुश्किल साल है। झेंग के अनुसार, 2022 के पहले क्वॉर्टर में चीन में 4.60 लाख कंपनियां बंद हो चुकी हैं और 31 लाख बिजनेस परिवार दिवालिया हो गए हैं। इस साल 1.76 करोड़ कॉलेज ग्रैजुएट निकले हैं, जिससे नौकरियों का संकट पैदा हो गया है। चीन में करीब 8 करोड़ युवा बेरोजगार हैं।

## जापान में सात लोगों की हत्या के दोषी को दी गई फांसी

**टोक्यो।** जापान में साल 2008 में 08 जून को सात लोगों की हत्या के दोषी तोमोहिरो काटो को मंगलवार को फांसी दे दी गई। सामूहिक हत्याकांड के समय काटो 25 वर्ष का था। काटो ने अकिहाबारा जिले में दोपहर के भोजन के समय पैदल चलने वालों की भीड़ पर ट्रक चढ़ा दिया था। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद उसने राहगीरों पर तेज धारदार चाकू से हमला कर चार और लोगों को मौत के घाट उतार दिया था।

इस हत्याकांड ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। काटो के इस कृत्य की तुलना आतंकवादी घटना से की गई थी। निचली अदालत ने सभी साक्ष्यों पर गौर कर इस कृत्य को रेयरेस्ट ऑफ रेयर मानते हुए उसे वर्ष 2011 में मौत की सजा सुनाई थी। 2015 में जापान के सुप्रीम कोर्ट ने भी इस सजा को बरकरार रखा था। जापान में इस वर्ष मौत की सजा पाने वाला काटो पहला व्यक्ति है। पिछले वर्ष भी तीन लोगों को मौत की सजा दी जा चुकी है। जापान उन विकसित देशों में शामिल है जहां पर अब भी मौत की सजा का प्रावधान है।